www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

01 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 341

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

श्रम आवासीय विद्यालय और मॉडल स्कूल खुलेंगे : हेमंत




## जलसहिया बहनों को खुशियों का उपहार





**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**द्वारा**

जलसहिया बहनों को जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में Jhar-Jal App के माध्यम से कार्य करने के लिए स्मार्ट फोन हेतु

## ₹12 हजार का उपहार

राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



### जलसहिया बहनों पर है सरकार का ध्यान

- ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया बहनों को **प्रतिमाह ₹2,000 मानदेय राशि निर्धारित**
- राज्य सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए **उनका हक और अधिकार** दे रही है।

**दिनांक : 01 अक्टूबर, 2024 | समय: अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची**

P.R. 337708 (DRINKING WATER AND SANITATION) 24-25

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

01 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 341

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मोदी 83 हजार करोड़ की योजनाओं की देंगे सौगात



## दुमका में परिवर्तन यात्रा के समापन में शामिल हुए मध्यप्रदेश के सीएम

# हेमंत सरकार में करोड़ों का घोटाला हुआ है: मोहन यादव

- कहा, झारखंड में रोजगार, विकास और बदलाव के लिए भाजपा की सरकार बनाना जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका में सोमवार को परिवर्तन यात्रा के समापन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा वैद्यनाथ की पूजा करके आया हूं कि राज्य की हेमंत सरकार का अंत होना चाहिए। राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की गठबंधन सरकार ने झारखंड के लोगों के साथ अन्याय किया है। हेमंत सरकार जितना झूठ बोल सकती थी, उतना झूठ बोल कर आगे बढ़ती गयी।

### बदलाव होकर रहेगा

मोहन यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लाखों-करोड़ों का घोटाला हुआ है। हेमंत सोरेन जी, अब कोई आपको कुछ कहे या न कहे, लेकिन बदलाव होकर रहेगा। जिसने घपला किया है, उसे जेल जाना पड़ेगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की जनता की भावनाओं को आहत किया है। हेमंत सरकार के दौरान 300 करोड़ का भूमि घोटाला और 1000 करोड़ का खनिज घोटाला हुआ। गठबंधन सरकार के एक नेता के घर से अवैध राशि मिलने पर सीएम यादव ने सवाल उठाते हुए कहा, किस सांसद के घर से 300 करोड़ मिले थे?




### भाजपा के हाथों छिपा है समृद्ध भविष्य

श्री यादव ने कहा कि आदिवासियों को प्रोत्साहित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम योगदान रहा है। देश में पहली बार किसी आदिवासी महिला को देश का सर्वोच्च पद देकर राष्ट्रपति बनाया गया। इस राज्य में बाबा बैद्यनाथ की कृपा और भाजपा के कारण एक समृद्ध भविष्य छिपा हुआ है। अब इस गठबंधन सरकार को न सहना है और न कुछ कहना है, बस इसे बदल कर रहना है। राज्य में जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने लूट मचा रखी है। यह सरकार केवल चुनाव जीतने के लिए वोट मांगती है और जनता से झूठ बोलती है।

### झारखंड पर मंडरा रहा है खतरा

श्री यादव ने कहा कि झारखंड में लगातार खतरा बढ़ रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है, जबकि आदिवासियों की संख्या घट रही है। ऐसे में, आने वाले समय में हम एक-एक घर जाकर अपना वोट और संकल्प सुनाएंगे।

# चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सरकार डाल रही है चारा: बाबूलाल मरांडी

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका में आयोजित परिवर्तन सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव बहुत करीब है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर दिन नयी घोषणाएं कर रही है। लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्होंने क्या किया, यह सबको पता है। राज्य की जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार पिछले पांच वर्षों में सिर्फ कमाई और जनता को लूटने में लगी रही। अब राज्य सरकार योजनाओं की सौगात दे रही है, लेकिन जो जमीन उन्होंने लूटी थी, उसी का पैसा बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब एक नौकर के घर से इतने करोड़ रुपये मिल सकते हैं, तो सोचिए हेमंत सरकार के पास कितना पैसा होगा। पांच साल तक जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने सिर्फ लूटपाट की।



बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन आज हर जगह घूम रहे हैं, अखबारों में उनकी तस्वीरें छप रही और टेलीविजन पर नजर आ रहे हैं। आगामी चुनाव के बदलाव पर उन्होंने कहा कि बस एक-दो महीने में चुनाव हो जायेगा। चुनाव नजदीक है, इसलिए हेमंत सोरेन की सरकार जनता को लुभाने की कोशिश कर रही है। लेकिन क्या उन्होंने पिछले वादों को पूरा किया? हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर महीने 2000 रुपये चूल्हा खर्च देंगे और लड़कियों की शादी में सोने का सिक्का देंगे, लेकिन कुछ नहीं दिया। बच्चियों को चांदी का सिक्का तक नहीं मिला। बाबूलाल ने 5 लाख नौकरियां, विधवाओं और दिव्यांगों को 2500 रुपये पेंशन देने, समेत अन्य वादों का जिक्र करते हुए कहा कि इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, विधवाओं, बुजुर्गों और गरीबों को धोखा दिया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने मेरे खिलाफ छह-छह थानों में केस दर्ज करवा दिये। अगर इस हेमंत सरकार को चोर नहीं कहेंगे, तो और क्या कहेंगे? उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के नौजवानों के भविष्य के लिए अगर जेल भी जाना पड़ा, तो जायेंगे। यह यात्रा तब तक चलती रहेगी, जब तक परिवर्तन नहीं हो जाता।

# झारखंड में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं: अर्जुन मुंडा

**दुमका।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज के समापन समारोह में हम संकल्प लेते हैं कि इस राज्य में व्याप्त कुशासन, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और राज्य की जनता के साथ हो रही धोखाधड़ी को समाप्त करना है। यह परिवर्तन यात्रा इसी उद्देश्य से है। आज राज्य में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। संथाल की धरती पर आदिवासी बेटी रुपा तिर्की की हत्या हो जाती है। मुंडा ने कहा कि राज्य में लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ रही है, जिससे संथाल और कोल्हान की धरती खतरे में है। मसानजोर डैम के पास घर बना कर लोगों को बसाया जा रहा है, और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। राज्य में



कानून के साथ खिलवाड़ हो रहा है, और जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो आदिवासियों को सुरक्षित रख सकती है। इसलिए झारखंड को बचाने के लिए आने वाले दिनों में परिवर्तन जरूरी है। यह परिवर्तन व्यवस्था का, और आम नागरिक के जीवन को सुधारने का है।

## गिरिडीह में सर जेसी बोस विवि की चहारदीवारी के निर्माण का शिलान्यास

# कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद महिला महाविद्यालय की आधारशिला रखी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को यहां सर जेसी बोस विश्वविद्यालय की चहारदीवारी के निर्माण कार्य के अलावा बेंगाबाद महिला महाविद्यालय का शिलान्यास किया। मौके पर स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार भी उपस्थित थे। सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) में वृद्धि के उदेश्य से आवश्यकता के आधार पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग अंतर्गत गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद में महिला महाविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने किया। इसमें अकादमिक सह प्रशासिनक ब्लॉक, एक सौ बिस्तरों का छात्रावास, एक बीएचके क्वार्टर, स्टाफ क्वार्टर, प्रिंसिपल क्वार्टर, सड़क, पार्किंग, नाला, उद्यान और साइट लेवलिंग, स्ट्रीट लाइटिंग के साथ बाहरी विद्युतीकरण, सीसीटीवी और यूपीएस, अग्निशमन के लिए अंडरग्राउंड टैंक, चहारदीवारी, गेट, गार्ड रूम, लिफ्ट और फर्नीचर को शामिल करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महिला महाविद्यालय के निर्माण कार्य की राशि रू 43 करोड़ 86 लाख 16 हजार रुपये है। महाविद्यालय का निर्माण कार्य तीन हजार छात्राओं की क्षमता (चार वर्षीय पाठ्यक्रम के तहत) को ध्यान में रखकर कराया जा रहा है।

सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह की स्थापना झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम-2024 (झारखंड अधिनियम संख्या-06, 2024) के द्वारा की गयी है तथा इसे अधिसूचना संख्या एलजी-03/2024-34-लेज-दिनांक-31.05.2024 के द्वारा अधिसूचित किया गया है। इस विश्वविद्यालय का मुख्यालय गिरिडीह में है तथा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत गिरिडीह एवं कोडरमा जिले के उच्च शिक्षण संस्थानों इस विश्वविद्यालय के अधिकारिता क्षेत्र में लाया गया है। विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र (गिरिडीह एवं कोडरमा जिले) में कुल चार अंगीभूत महाविद्यालय एवं नौ डिग्री/ मॉडल/ महिला महाविद्यालयों की स्थापना की गयी है। भविष्य में गिरिडीह एवं कोडरमा ज़िले में नये महाविद्यालय का निर्माण होने पर ये सभी सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह के अंतर्गत आयेंगे। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह के संचालन हेतु पदों के सृजन की कार्रवाई की जा रही है। विभागीय पत्रांक 173/ बजट दिनांक 06-09-2024 के द्वारा सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह के लिए चिन्हित भूमि की चाहरदीवारी के निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ नौ लाख 11 हजार पांच सौ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा पर तंज

# पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से: भूपेश बघेल

- कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम कर रही है। चुनाव के समय में केंद्र से तमाम बड़े नेता झारखंड आ रहे हैं, जिनका मकसद सिर्फ हिंदू-मुसलिम करना है। भाजपा अपने किये हुए कामों पर वोट नहीं मांगती। बघेल रांची के लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**चार गुजराती चला रहे देश, इनसे भारत को बचाना है :** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम ने कहा कि देश को चार गुजराती चला रहे हैं। इनमें दो देश को बेचनेवाले और दो खरीदने वाले हैं। इनसे देश को बचाना है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि हम चोरों से डरनेवाले नहीं हैं, पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से। बघेल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनकल्याण की बात करती है।



लड़ाई विचारधारा की है, भाजपा के बहकावे में नहीं आना है। ये लोग सरकारी संपत्तियों को बेचने का काम कर रहे हैं।

**पार्टी की छवि नहीं बिगाड़ें:** भूपेश बघेल ने झारखंड कांग्रेस को भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर पार्टी की छवि को बिगाड़ने का काम नहीं करें। टिकट बंटवारे में सहूलियत बरतें। टांग खींचने का काम नहीं करें। भाजपा को काउंटर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलने का काम करती है, समाज को बांटने का काम कर रही है। इसलिए आपको मजबूती के साथ डट कर खड़ा रहना है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## चार जिले के डीसी बदले

# मंजूनाथ भजंत्री बने रांची उपायुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने छह आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदल दिया है। मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी गयी है। वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ के उपायुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। रंजीत कुमार लाल को ऊर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

## झारखंड में परिवर्तन की लहर, भाजपा बनायेगी सरकार

# राज्य में भाजपा सरकार बनते ही कानूनी धक्के से घुसपैठिये बाहर किये जायेंगे: हिमंता बिस्वा सरमा

- हेमंत सोरेन की मईया योजना सिर्फ दिखावा, असली विकास भाजपा के साथ ही संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को टाटीसिलवे में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में कहा कि आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है। हमने 20 सितंबर को भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की थी और आज यह यात्रा अपने अंतिम चरण में है। 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग आएंगे, और इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज जायेगा। हमें इस चुनाव में भाजपा की सरकार बनानी है और एक नया झारखंड बनाना है। उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास जी की सरकार थी, तब झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने जनता से कई वादे किये थे। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि यदि जेएमएम की सरकार बनेगी, तो आदिवासी और मूलवासियों का कल्याण होगा। 2019 में जेएमएम के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो 5 लाख लोगों को नौकरी दी जायेगी। लेकिन हर बार परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं और युवाओं को नौकरी नहीं मिलती। असम में मैंने 1.5 लाख लोगों को नौकरी दी है और एक भी पेपर लीक का आरोप नहीं लगा है। जबकि झारखंड में हर परीक्षा के क्वेश्चन पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। हेमंत सोरेन ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन क्या किसी के बैंक खाते में पैसा आया? आपने खुद वादाखिलाफी की है। झारखंड के युवाओं से माफी मांगिये। यदि आप माफी नहीं मांगते, तो बस एक बार चुनाव परिणाम का इंतजार कीजिए, झारखंड के युवा आपको दिखा देंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी की सरकार अब जाने वाली है, और अब उन्होंने मईया योजना शुरू की है। अगर आपको शादी करनी थी, तो यह काम आपको अपनी युवा अवस्था में ही करना चाहिए था। अब शादी करके क्या फायदा? उन्होंने मईया योजना का ऐलान किया है, जिसमें एक महीने का 1,000 रुपये दिया जा रहा है। आप लोग देखिए, जहां भी जाइए, मंइयां योजना के तहत इतनी धोखेबाज सरकार कहीं नहीं देखी होगी। हम 'गोगो दीदी योजना' लेकर आ रहे हैं, और यह मोदी जी की गारंटी है। झारखंड के युवाओं को नेपाल ले जाकर परीक्षा के पेपर बांट दिए जाते हैं,



और फिर परीक्षा देने आते हैं। यह सरकार कुछ नहीं कर रही है, बस अपने लिए काम कर रही है। इस सरकार ने कहा था कि बालू मुफ्त में देंगे, लेकिन क्या किसी को बालू मुफ्त में मिला है? उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठिए भर चुके हैं। हेमंत सोरेन कहते हैं कि घुसपैठिए नहीं हैं, तो आपके दामाद कौन हैं? एक बार झारखंड में भाजपा को आने दीजिए, ये लोग कानून के साथ धक्का देकर भगा दिए जाएंगे। यह झारखंड आदिवासियों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम एक हैं। हेमंत सरकार आवास बनाने के लिए अवसर नहीं देती। हमारी सरकार बनने पर मैं 5 लाख आवास देने का वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले उत्पाद सिपाही की दौड़ शुरू हुई, जिसमें 18 युवाओं की मौत हो गयी। सरकार का दायित्व बनता है कि जिन युवाओं का निधन हुआ है, उनके परिवार के सदस्यों को नौकरी मिलनी चाहिए। सरकार अपने बारे में दिनभर बोलती रहती है। मियां-बीबी एक-दूसरे के बारे में बातें करते हैं, जैसे कोई सिनेमा चल रहा हो ...... मैं हूं, तुम हो, एक-दूसरे के लिए। यह स्थिति केवल कल्पना की सिनेमा बनकर रह गयी है। जो-जो वादे किए गये थे, उनके बारे में भी कुछ बोलें।

# राजा पीटर जदयू में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** राज्य के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के समक्ष सोमवार को जदयू में शामिल हुए। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने जदयू के नयी दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में राजा पीटर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार, शैलेंद्र महतो, सुशील सिंह उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार में आस्था रखते हुए राजा पीटर पार्टी में शामिल हुए। दो दशकों से अधिक झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत रहे गोपालकृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर वर्ष 2005 में बिसरा विकास समिति के बैनर पर विधानसभा-58 तमाड़ में चुनाव लड़े थे। वर्ष 2008 में संपन्न उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो एवं तत्कालीन झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को पराजित किया था। वर्ष 2009 के आम विधानसभा चुनाव में जदयू से चुनाव जीता। झारखंड सरकार में 2010 में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री रहे।



www.epaper.azadsipahi.in
01 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 341

मिथुन को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद में की बड़ी घोषणा

# श्रम आवासीय विद्यालय और मॉडल स्कूल खुलेंगे

- झारखंड स्किल कॉन्क्लेव- 2024 में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- भाजपा पर साधा निशाना कहा- चुनाव के दौरान इनको याद रखियेगा



### वोट के लिए घूम रहा व्यापारियों का हेलीकॉप्टर

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में वोट के लिए व्यापारियों का हेलीकॉप्टर पूरे राज्य में घूमने लगा है। चुनाव में याद रखियेगा। झारखंड में श्रम आवासीय विद्यालय खोला जायेगा। श्रम विभाग द्वारा इसका संचालन किया जायेगा। श्रमिकों के बच्चों को यहां पूरी तरह नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी। इतना ही नहीं, राज्य में पांच हजार मॉडल स्कूल खोले जायेंगे, ताकि सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। गरीब के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ले सकें। यही उनका मकसद है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद में बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में श्रम आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे। जहां श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जायेगी। पांच हजार मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। ताकि राज्य के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिल सके। मुख्यमंत्री धनबाद के बलियापुर में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव- 2024 में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। साथ ही कई विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया और युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया।

**मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों को हमारी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार विशेष कर युवाओं के मार्ग प्रशस्त हेतु काम करने में सफल रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में श्रम स्कूल और मॉडल ्सकूल कोलने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से लोगों को ऋण उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेती-बाड़ी की नयी और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है, ताकि पढ़े लिखे नौजवान भी खेती से जुड़कर आय का स्रोत ढूंढ़ सकें।

**धनबादवासियों को विकास योजनाओं का तोहफा :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले सीएम हेमंत सोरेन ने धनबादवासियों को विकास योजनाओं का तोहफा दिया। उन्होंने 133 योजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि 84 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिया गया और रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता भी दिया गया। राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहें। इस मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो और पूर्णिमा नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री कल आयेंगे हजारीबाग, तैयारी तेज


# मोदी 83 हजार करोड़ की योजनाओं की देंगे सौगात

- 79,150 करोड़ से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे
- 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन करेंगे और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला भी रखेंगे
- प्रधानमंत्री-जनमन के अंतर्गत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर 2024 को झारखंड का दौरे पर आ रहे हैं। वह बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे झारखंड के हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र, छात्रावास का मिलेगा तोहफा :** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत 1360 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनवाड़ी, 250 बहुद्देश्यीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं। इसके अलावा, वह पीएम जनमन के तहत कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का भी अनावरण करेंगे, जिसमें लगभग 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों का संचालन, 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, 250 वन धन विकास केंद्रों की स्थापना और 5,550 से अधिक पीवीटीजी गांवों को 'नल से जल' का लाभ प्रदान करना शामिल है।





### 549 जिलों के लिए योजना की होगी शुरुआत

**प्रधानमंत्री 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,000 गांवों को शामिल करेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है। साथ ही जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 25 इएमआरएस की आधारशिला रखेंगे।**

**हजारीबाग में तैयारी में जुटा प्रशासन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन पुलिस अकादमी स्थित हेलीपैड पर होगा। वहां से यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद शहर के मटवारी स्थित गांधी मैदान में भाजपा के जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासन और भाजपा नेता व कार्यकर्ता जुटे हैं। यूनिवर्सिटी और गांधी मैदान में वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

**केंद्रीय मंत्री ने लिया जायजा :** सोमवार शाम जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव हजारीबाग पहुंचे और यूनिवर्सिटी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। केंदरीय मंत्री ने बताया कि विभाग का यह अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। जनजातीय विभाग का देश की सबसे बड़ी योजना हजारीबाग की धरती से प्रधानमंत्री लांच करने जा रहे हैं। कैबिनेट में 18 सितंबर को योजना पास किया गया है।

झा.मु.मो

झारखण्ड की मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक और विस्थापितों के विकास के लिए हमारा बकाया

एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए

₹1,36,000,00,00,000

कब मिलेगा?

मानननीय प्रधानमंत्री जी को खुला पत्र

मानननीय प्रधानमंत्री जी,

जोहार

मैं, हेमन्त सोरेन, झारखण्ड का मुख्यमंत्री, आपका ध्यान राज्य के समक्ष आ रही एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। यह समस्या कोयला कंपनियों द्वारा राज्य के बकाया का भुगतान न करने से संबंधित है, जो हमारे राज्य के विकास में बाधक बन रही है।


बकाया राशि का विवरण: कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये है। इसमें शामिल हैं: वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़ रुपये, पर्यावरण मंज़ूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवज़े के रूप में 41,142 करोड़ रुपये (38,460 करोड़ रुपये GM भूमि और 2,682 करोड़ रुपये GM J J भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम - 60,000 करोड़ रुपये, कुल - 1,36,042 करोड़ रुपये

विकास पर प्रभाव: इस बकाया राशि के कारण, हमारे राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएँ प्रभावित हुई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, स्वच्छ पेयजल एवं मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक, विस्थापित एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं को लागू करने में कठिनाई हो रही है। झारखण्ड, एक अल्प विकसित राज्य है, जो संसाधनों की कमी से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संसाधनों की कमी को पूर्ण करने के लिए उपरोक्त राशि अत्यंत आवश्यक है।

न्यायिक निर्णय: सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने राज्य के पक्ष में फैसला दिया है। माननीय न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि खनन और रॉयल्टी शुल्क वसूलने का अधिकार राज्य को है। यह भी कहा गया है कि रॉयल्टी एक कर नहीं है और इसलिए इस पर कोई सीमा नहीं लगाई जा सकती।

हमारा अनुरोध: मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और कोयला कंपनियों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दें। जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना चाहिए या कोल इंडिया के खाते से राज्य के खाते में सीधे क्रेडिट किया जाना चाहिए। यह राशि झारखण्ड के लोगों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

समाधान का आग्रह: हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि झारखण्ड के लोग विभिन्न सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह न केवल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हम आपके सकारात्मक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई की आशा करते हैं। इसके लिए झारखण्ड के लोगों की ओर से, मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा।



पुन: जोहार
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सह कार्यकारी अध्यक्ष, झामुमो

झामुमो केंद्रीय समिति

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा
सोना (बिक्री) 70,500 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



# चाइबासा में भाजपा को पुराने और नये कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाने की जरूरत

## दीपक बिरुआ बेहतरीन रणनीतिकार, उनकी चाल को भेदना भाजपा के लिए चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष | कोल्हान का रण पार्ट-2**

**चंपाई सोरेन के गांव जिलिंगगोड़ा की खामोशी के बाद हम पहुंच गये चाइबासा के शोर-शराबे में। जिलिंगगोड़ा और चाइबासा जाने के क्रम में बहुत सारे गावों का हमने दौरा किया। उन गांवों में कहीं से भी न तो भाजपा कमजोर दिखी, न ही जेएमएम। जेएमएम के अपने पारंपरिक वोटर्स हैं और भाजपा के जो वोटर्स 2019 में रूठे हुए थे, वे भी इस बार मन बना चुके हैं कि उन्हें भाजपा के साथ ही जाना है। चंपाई सोरेन के जिस प्रभाव की भाजपा उम्मीद कर रही थी, वह न तो उनके गांव में ही देखने को मिला, न ही उनके विधानसभा क्षेत्र में और न ही पश्चिमी सिंहभूम की विधानसभा सीटों पर। इसमें कोई दो राय नहीं कि चंपाई सोरेन का कद बहुत बड़ा है। उनका मान-सम्मान पूरे क्षेत्र में है। उनकी छवि मददगार वाली है। लेकिन उनका भाजपा में जाना उनके जो वोटर्स रहे हैं, उन्हें पसंद नहीं आ रहा। चंपाई सोरेन के वोटर्स को तीर-धनुष पर ही भरोसा है। अब चंपाई सोरेन इन वोटर्स को कितना भाजपा में शिफ्ट करा पाते हैं, यह उनकी काबिलियत और अनुभव पर डिपेंड करता है। मंईयां सम्मान योजना को लेकर भाजपा वोटर्स का कहना है कि यह चुनावी योजना है और जेएमएम के वोटर्स का मानना है कि इससे उनकी जिंदगी में परिवर्तन आयेगा, लेकिन सरकार को लेकर कुछ छात्रों में रोष है। रोजगार और परीक्षा का मुद्दा भी इस चुनाव में हावी रहेगा। लेकिन कई छात्र ऐसे मिले, जिन्हें जेएमएम या गठबंधन सरकार पर ही भरोसा है। और वोटिंग के समय वे पार्टी सिंबल को देख कर ही वोट करना पसंद करेंगे। आज कोल्हान भ्रमण पार्ट 2 में बात करेंगे चाइबासा की। कैसे इस विधानसभा सीटों पर भाजपा अभी भी संघर्ष कर रही है और इसका क्या कारण है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देर रात आजाद सिपाही की टीम चाइबासा पहुंची। दिन-भर की थकान के बाद नींद अच्छी आयी। सुबह 6 बजे नींद खुल भी गयी। चाय पीने की इच्छा हुई। चायवाली दुकान पर कई व्यक्ति पहले से चाय पी रहे थे। मैंने एक व्यक्ति से पूछा कि चंपाई सोरेन का चाइबासा में कैसा प्रभाव है। उस व्यक्ति का कहना था, यहां उतना असर नहीं है। उनका अपना क्षेत्र सरायकेला है और वह इस बार भी जीतेंगे। मैंने पूछा आप इतने भरोसे के साथ कैसे कह सकते हैं। उसका कहना था कि उनके पास जादू है। मैंने पूछा कैसा जादू। उसने कहा है न। बस इतना समझिये कि उनके पास एक जादू की छड़ी है। फिर यहां-वहां की बातचीत के बाद मैं वहां से आगे बढ़ा। वह व्यक्ति मेरे पीछे आया और कान में बोला, उनके पास भूत है। मैं हंसने लगा। वह बोला हंसने वाली बात नहीं है। आप देखियेगा, अगर दिन में वोटिंग का रिजल्ट आयेगा, तो दिक्कत होगी और जैसे-जैसे शाम होती जायेगी, पूरा खेल बदल जायेगा। मैंने कहा, ओके। फिर हमारे संवाददाता अरुण सिंह ने कहा कि ये धन कुदरा की बात कर रहा है। ये सब गांव में लोग मानते हैं। लेकिन आज-कल यह फ्रॉड का जरिया बन गया है। सब धन कुदरा के नाम पर करोड़ों का चूना लगा रहे हैं।

उसके बाद नहा-धोकर हम मैदान में उतर गये। सदर बाजार गये। कई लोगों से बातचीत की। बातचीत के क्रम में एक व्यक्ति मिले। वहां उनकी एक दुकान थी। मुझे कुछ सामान चाहिए था। उन्होंने कहा, सबसे पहले राम-राम जी। मैंने कहा राम-राम। मैं समझ गया कि ये भाजपा के समर्थक हैं। फिर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। मैंने उनसे पूछा, आप भाजपा समर्थक लगते हैं। उनका कहना था, जी हां। मैं भाजपा का सक्रिय सदस्य भी हूं। मैंने सोचा फिर इनसे बेहतर भाजपा की स्थिति के बारे में कौन बता सकता है। मैंने पूछा कि चाइबासा में भाजपा की दाल क्यों नहीं गल पा रही। उनका कहना था कि भाजपा जब भी हारती है, तो वह बहुत रोते हैं। वह चाहते हैं कि भाजपा हमेशा जीते। उनका कहना था कि चाइबासा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का मिश्रण है। ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा है। टाउन में भाजपा लीड करती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जाते ही हवा निकलने लगती है। वह पिछड़ने लगती है। बड़ा नेता एसी रूम में बैठ जाता है





इसके पीछे का कारण यह है कि यहां संगठन बहुत कमजोर है। कोई बड़ा नेता आता है, तो वह एसी रूम में बैठ जाता है। छोटे कार्यकर्ताओं से नहीं मिलता है। यह आज से नहीं, बहुत पहले से चलन है। लक्ष्मण गिलुआ जब प्रदेश अध्यक्ष थे और वह जब भी चाइबासा आते थे, एसी कमरे में रुकते थे। छोटे-छोटे कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए घंटों आस में रहते थे, लेकिन वे उनसे नहीं मिल पाते थे। इस परंपरा को तोड़ने की जरूरत है। जो पुराने कार्यकर्ता थे, उन्हें फिर से जोड़ने की जरूरत है। नये कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पुराने कार्यकर्ताओं को भी तरजीह देनी होगी। उनका कहना था कि मामा जी, यानी शिवराज सिंह चौहान भी यहां पर आये। एक बार वह अगर यहां आकर कार्यकर्ताओं से मिल लें, सभी पुराने और नये कार्यकर्ताओं में जोश भर दें, तो फिर देखिये क्या होता है। बाबूलाल मरांडी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनकी संगठनात्मक समझ भी बहुत अच्छी है, लेकिन एक बार बड़े नेताओं का जमावड़ा लगना जरूरी है। छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान मिलना बहुत जरूरी है। उस व्यक्ति का कहना था कि पश्चिमी सिंहभूम की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा आसानी से जीत सकती है, लेकिन कार्यकर्ताओं तक पहुंच और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना बहुत जरूरी है। एक और व्यक्ति से मुलाकात हुई। वह राजनीति के जानकार थे। चाइबासा और पश्चिमी सिंहभूम की राजनीति को अच्छे से समझते थे। उनका कहना था कि भाजपा का भाग्य उसके प्रत्याशी पर निर्भर है।

### चाइबासा में भाजपा को प्रत्याशी के रूप में नेता चाहिए

यहां नेता चाहिए। नो डाउट, जो पहले दो बार से प्रत्याशी हैं, वह पढ़े-लिखे, जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन नेता मटीरियल नहीं हैं। भाजपा को यहां नेता देना होगा। अगर भाजपा यहां अच्छा प्रत्याशी नहीं देगी, तो वही हाल होनेवाला है। वैसे सुनने में आ रहा है कि यहां भी चुनाव आते-आते कोई बड़ा खेल हो सकता है। मैंने पूछा कैसा खेल। उन्होंने कहा इंतजार कीजिए। मैंने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि भाजपा का संगठन मजबूत नहीं है। लेकिन उनका कहना था कि फिलहाल संगठन तो मजबूत है, लेकिन जो कार्यकर्ताओं में जोश भरना है, वह हो नहीं पा रहा। देखिये कोल्हान में भाजपा को अच्छी सीटें आया करती थीं। लेकिन जब से रघुवर दास मुख्यमंत्री बने, कार्यकर्ताओं का मनोबल इतना गिरा हुआ है कि अभी तक उठ नहीं पाया है। नेता आते हैं, सिर्फ बयानबाजी करते हैं और चले जाते हैं। धरातल पर क्या चल रहा है, उसके बारे में समझना ही नहीं चाहते। मैंने पूछा कि कार्यकर्ताओं का मनोबल क्यों टूटा, तो उनका कहना था कि रघुवर दास मुख्यमंत्री रहते कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देते थे। भ्रमण के रौरान शहर से लेकर गांव तक हम लोगों से मिलते रहे। भाजपा की स्थिति बहुत बुरी नहीं है। बस एक बेहतर रणनीति की जरूरत है। जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है।

### दीपक बिरूआ अच्छे रणनीतिकार हैं

वहीं दीपक बिरुआ के बारे में लोग कहते हैं कि वह बहुत अच्छे रणनीतिकार हैं। उन्हें पता है कि चुनाव जीतना कैसे है। लोकसभा चुनाव में भले ही जोबा मांझी चेहरा थीं, लेकिन लड़ दीपक बिरुआ ही रहे थे। उन्होंने ऐसी रणनीति बनायी कि उनके कार्यकर्ताओं में ही कंपीटीशन लग गया कि कौन कितना बेहतर काम करेगा। हर बूथ पर वह काम करते हैं। बूथों पर सक्रियता भी उनके जीतने का कारण है। लोकसभा चुनाव के दौरान एक-एक विधानसभा सीट पर काम किया गया था। गांव-गांव तक उन्होंने रणनीति बनायी थी। गांव के प्रमुख लोगों को जोड़ा। उसके बाद नतीजा आपके सामने है। चाइबासा विधानसभा सीट की गिनती झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुरक्षित गढ़ के रूप में होती है। 15 साल से इस सीट पर जेएमएम का कब्जा है। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बागुन सुंब्रुई को पराजित कर जेएमएम के दीपक बिरुआ ने पहली बार जीत हासिल की। इसके बाद वर्ष 2014 और 2019 में भी दीपक बिरुआ ने बीजेपी प्रत्याशी जेबी तुबिद को हरा कर इस सीट पर कब्जा बनाये रखा और जीत की हैट्रिक लगायी। चाइबासा विधानसभा सीट से लगातार तीन बार जीत हासिल करने के बाद दीपक बिरुआ को पहली बार चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री बनने का मौका मिला। वहीं दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बनने के बाद दीपक बिरुआ को मंत्री बनाया गया।

चाइबासा सीट पर प्रारंभ में झारखंड पार्टी का वर्चस्व रहा, लेकिन बागुन सुंब्रुई के कांग्रेस में शामिल हो जाने पर इस क्षेत्र में झारखंड पार्टी का दबदबा खत्म हो गया। बागुन सुंब्रुई जब तक राजनीति में सक्रिय रहे, राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी उनके सामने टिक नहीं पाये। लेकिन बढ़ती उम्र के कारण 2009 के उनकी सक्रियता कम हो गयी और जेएमएम के दीपक बिरुआ ने उन्हें पराजित कर दिया। बाद के चुनाव में दीपक बिरुआ को कांग्रेस की जगह बीजेपी से चुनौती मिलनी शुरू हुई, लेकिन लगातार दो विधानसभा चुनावों में दीपक बिरुआ ने बीजेपी प्रत्याशी को बड़े अंतर से पराजित किया।

# मुख्यमंत्री से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य एक लंबे संघर्ष के बाद मिला है। इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत भी दी थी। हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान करते हैं। हमारी सरकार झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिजनों, आश्रितों को मान-सम्मान और हक-अधिकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधिमंडल में विदेशी महतो, पुष्कर महतो, रोजलीन तिर्की, सरोजनी कच्छप, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, कार्तिक महथा, इम्तियाज खान, रकीब खान, सीता देवी एवं जीतन कोल प्रमुख रूप से शामिल थे।



# कई महिलाएं और युवा जेएमएम में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कई महिलाएं और युवा झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। सोमवार को डॉ. माजी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। युवाओं और महिलाओं ने कहा कि वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के झारखंडी हित में किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रही हैं। इस अवसर पर डॉ. माजी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को बुलंदियों पर पहुंचने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम में सोमवित माजी, नंद किशोर सिंह चंदेल, सोमू बनर्जी, धीरज यादव और कशिश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



# 11000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

**राज्यपाल संतोष गंगवार और मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की पोषण अभियान को गति देने के लिए जनांदोलन की वकालत की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 11000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। शौर्य सभागार, डोरंडा (रांची) में आयोजित पोषण माह (1-30 सितंबर) के समापन समारोह में दोनों ने झारखंड सहित देशभर में पोषण अभियान को जनांदोलन का रूप देने की अपील भी की। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बापू की धरती गुजरात से पोषण अभियान का शुभारंभ हुआ था और अब भगवान बिरसा की धरती पर इसका समापन हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पोषण के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। कुपोषण रूपी दानव को समाप्त करना है। पोषण अभियान के समापन के साथ देश भर में 11000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन बड़ी बात है। सक्षम केवल शब्द नहीं, गर्भवती माताओं को समुचित पोषण, छोटे बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई सुविधा, खेल खेल में नयी चीजों को सीखने को प्रोत्साहित करना और ऑडियो, विजुअल के जरिए दूसरी चीजों को सिखाना अहम कार्य हैं। मौके पर महिला, बाल विकास विभाग (केंद्र सरकार) के सचिव अनिल कुमार मल्लिक, विभागीय सचिव मनोज कुमार, निदेशक शशि प्रकाश झा सहित केंद्र, राज्य सरकार के कई पदाधिकारियों के अलावा कई आंगनबाड़ी कर्मी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में निदेशक (महिला, बाल विकास विभाग, झारखंड) ने सबों का आभार प्रकट किया।



### जन आंदोलन से ही कुपोषण होगा दूर: राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह में कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना तक ही नहीं है। इसे एक जन आंदोलन का रूप भी देना है। कुपोषण के खिलाफ इस सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हो। राज्यपाल ने उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और संस्थाओं को बधाई दी, जिन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जनमानस को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कहा कि एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे और हर मां को सही पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का थीम एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन हेतु प्रौद्योगिकी और एक पेड़ मां के नाम जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। राज्यपाल ने मोटा अनाज, शाक-सब्जियां और सहजन जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने का आह्वान किया। मौके पर राज्यपाल द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। साथ ही धात्री महिलाओं का गोद भरायी संस्कार भी संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं को संतान के सुरक्षित आगमन और उनके स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। इससे पूर्व राज्यपाल ने जैप-1 परिसर में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

### झारखंड में भी पोषण माह में उल्लेखनीय एक्टिविटी

अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि देश के सभी 36 राज्यों के 766 जिलों में पोषण माह के दौरान करोड़ों एक्टिविटी को अंजाम दिया गया। झारखंड में भी उल्लेखनीय प्रयास हुए। यहां 19 लाख 53 हजार गतिविधियां आयोजित की गयीं। उन्होंने कहा कि देश भर में 13 लाख 95 हजार आंगनबाड़ी हैं। इनमें पीएम मोदी की अपील पर 87 लाख पौधे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत लगाये गये। आंगनबाड़ी केंद्रों के अलावा केंद्र सरकार के स्तर से पीएम जनमन योजना, मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, पीएम मातृ वंदना योजना सहित अन्य प्रयासों के जरिए भी महिला, बच्चों के कल्याण के लिए काम किये जा रहे हैं।

# रिश्वत मामले में राजस्व कर्मचारी को पांच साल कारावास की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने सोमवार को नामकुम अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी संजय साव को रिश्वत लेने के लिए पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनायी है। इतना ही नहीं, उस पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे अतिरिक्त नौ महीने की सजा काटनी होगी। अदालत ने गत 25 सितंबर को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाकर संजय साव को जेल भेज दिया था। उस पर दाखिल खारिज करने के एवज में सूचक से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उसे रिश्वत की राशि के साथ 24 जुलाई, 2010 को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन डीसी ने गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

## दिशा की बैठक में मनीष जायसवाल ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

# ग्रामीण इलाकों के खेल मैदान की सूची सौंपने का सांसद ने दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक सुनीता चौधरी, डीसी चंदन कुमार उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसकी क्रमवार समीक्षा करते हुए पोटो हो खेल विकास योजना के तहत संचालित खेल मैदानों की सूची को लेकर सांसद के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संचालित पोटो हो खेल मैदान की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

**सेंट्रलाइज्ड किचन निर्माण की ली जानकारी:** बैठक में सांसद के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पाठ्यपुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी आदि की जानकारी लेते हुए ससमय कार्यों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उनके द्वारा सेंट्रलाइज्ड किचन निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। समेकित बाल विकास योजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने वर्तमान में सरकारी भवनों और निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और योजनाबद्ध तरीके से आने वाले समय में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में संचालित करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**योजनाबद्ध तरीके से जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती सुनिश्चित करें:** जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सांसद द्वारा कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी ली गयी। मौके पर उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं अथवा अन्य समस्याओं से बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं को लेकर बृहद रूप से सर्वे करने और योजनाबद्ध तरीके से जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिये।

**चुटूपालू घाटी की एलाइनमेंट और लाइट का नियमित रूप से कार्य करने का निर्देश :** बैठक के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों से चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में एलाइनमेंट और लाइट का नियमित रूप से कार्य नहीं करने को लेकर सांसद द्वारा कार्यों को गंभीरता से लेने और तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान गोला मार्केटिंग परिसर के सफल संचालन, इडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट निर्गत किये जाने, आदि को लेकर बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### रोजगार से जोड़ने को लेकर निर्देश

जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों और उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गयी। मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### प्राप्त आवेदनों को त्वरित निष्पादित करें

विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद के द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मररम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने नये कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### सड़क निर्माण के प्रस्ताव उपलब्ध करायें

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर जानकारी लेते हुए सांसद के द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, सड़क की स्थिति को देखते हुए सर्वे करने और सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

# वनाधिकार कानून का रामगढ़ जिले में हो रहा उल्लंघन, ग्राम सभा मंच ने किया प्रदर्शन

**ग्राम सभामंच के प्रतिनिधिमंडल ने पांच सूत्री मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में वनाधिकार कानून का उल्लंघन हो रहा है। आदिवासियों और वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उसके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। इस मुद्दे पर सोमवार को जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू के नेतृत्व में एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा धारण किए आदिवासी समाज के हजारों लोग कोठार ओवर ब्रिज से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। उनके हाथों में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र भी थे, जो उनके अंदर के गुस्से को परिलक्षित कर रहा था। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य डीसी चंदन कुमार से मिले और उन्हें पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू ने बताया कि रामगढ़ जिले में वन अधिकार कानून 2006 नियम 2008 और संशोधित नियम 2012 को विधि सम्मत लागू नहीं किया जा रहा है। सैकड़ों व्यक्तिगत और सामुदायिक वनाधिकार दावे अनुमंडल या जिला स्तर पर लंबित पड़े हैं। वनाधिकार के मामले में वन विभाग द्वारा मनमानी की जा रही है। वनाधिकार दावों को रद्द या निरस्त करने पर दावेदारों या ग्राम सभा और वनाधिकार समिति को सूचना दी जानी है, पर ऐसा नहीं हो रहा। सामुदायिक वन अधिकार पट्टा में केंदु पत्ता व्यवसाय का अधिकार और धारा 31 (ख) में निस्तारी या धारा 31 (ठ) में अन्य पारंपरिक हक के रूप में कृषि औजार जैसे हल जुवाट इत्यादि घरेलू उपयोग के लकड़ी लाने के अधिकार नहीं है। धारा 31 (झ) के तहत ग्राम सभा को जंगलों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन का अधिकार है। लेकिन उसे भी नहीं दिया जा रहा है। इस तरह से वन अधिकार कानून का कई तरह से उल्लंघन किया जा रहा है। मांडू प्रखंड अंतर्गत जितरा टुगरी में वनाधिकार समिति, वन आश्रित महिलाओं और ग्राम सभा सदस्यों पर भी वन विभाग द्वारा झूठे केस किये गये हैं। मांडू प्रखंड में ही सीसीएल कोलियरी और अंचल द्वारा संथाल आदिवासियों के मसना मरघटी को नष्ट किया गया।

ग्राम सभा मंच ने डीसी चंदन कुमार से वन अधिकार कानून को लागू करने, लंबित वन अधिकार दावों का निपटारा जल्द करने, कानून का उल्लंघन करने वाले सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों पर एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने, वनाधिकार लागू करने में सक्रिय समितियों पर अत्याचार बंद करने, वन अधिकार कार्यकर्ताओं पर किये गये झूठे केस मुकदमों को रद्द करने की मांग की है। इस प्रदर्शन में महेश मुर्मू, ओमप्रकाश मांझी, कुलेश्वर महतो, श्याम बिहारी महतो, रामेश्वर महतो सहित सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन में 50 नये सदस्य जुड़े



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन मनसरी देवी ने की। बैठक के दौरान सदस्यों ने लेखा–जोखा प्रस्तुति कर फाउंडेशन का उत्थान पर विचार विमर्श किया। साथ ही, पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फाउंडेशन में नये सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। जिसमें पहले चरण के तहत 50 नये सदस्यों को संस्था में जोड़ा गया। साथ ही, उनका स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने सदस्यों को शपथ दिलाते हुए संस्था के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने की बात कही। वही, मौजूद सभी सदस्यों से किसी के बहकावे में न आकर संस्था के प्रति कार्य करने की बात कही। बैठक में सुखदेव सोनी, वीणा कुमारी, शांति देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, अर्चना देवी, सुषमा देवी, फुल कुमारी, काजल, चिंता, दीपू, गुड़िया, आशा, आरती देवी, बेबी देवी, कौशल्या देवी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## पतरातू में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर ओपीजेसीसी उचरिंगा पतरातू में सोमवार को जिंदल फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ शिविर के माध्यम से जिंदल फाउंडेशन, पतरातू निरंतर ग्रामीण परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें हृदय रोग, कैंसर और अन्य बीमारियों के बारे में जागरूक करने को लेकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रांची कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष, डॉक्टर भारती, डॉक्टर जानकी, मुकुल कुमार, घोष नीरज, कौशिक पंकज कुमार, भूपेंद्र कुमार, प्रियंका शिल्पा के द्वारा लोगों को जांच कर परामर्श दिया गया। इस मौके पर जिंदल फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जिंदल फाउंडेशन, पतरातू दूरदराज, वन और आदिवासी बहुल क्षेत्रों के गरीब परिवारों तक स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और मुफ्त चिकित्सा सेवाए उपलब्ध कर समाज में फैले व्यापक अंधविश्वास को अंकुश लगाने के लिये प्रयासरत है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक महिला पुरुष और बच्चों ने भाग लिया।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 01 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in
06

## पोषण माह को लेकर कार्यशाला



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अलपिटो पंचायत स्थित हेठली बोदरा आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के अवसर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने पोषण माह के संबंध में लोगों जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी से ही बच्चे आगे बढ़ते हैं बच्चों के खान पान का ख्याल रखा जाना चाहिए। आंगनबाड़ी सेविका ममता देवी ने कहा कि प्रसव के पूर्व ही सेहत पर गर्भवती महिलाओं को ख्याल रखना है। साथ ही प्रसव होने पर 6 महीना तक बच्चों को बाहरी आहार नहीं देना है, 6 माह के बाद सभी तरह के आहार जिससे बच्चों को सही पोषण मिल सके और आंतरिक मजबूती हो इसका ध्यान रखते हुए बच्चों को आहार देना चाहिए। इस अवसर पर सहायिका लीलावती देवी, सावित्री देवी, जीबाधन यादव, रामेश्वर यादव, राहुल कुमार यादव, देवनारायण पंडित, नेतल यादव, सावित्री देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डायरिया से बच्ची की मौत, दर्जनों गंभीर

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत ग्राम सिंहास में डायरिया से एक बच्ची की मौत हो गयी, वहीं दो दर्जन लोग बीमार हैं। डायरिया के प्रकोप से लोग डरे हुए हैं लोग गांव छोड़ने पर भी बेबस हैं। मृतक बच्ची दुर्गा कुमारी (8 वर्ष, पिता स्वर्गीय करकु मांझी, ग्राम सियास निवासी) बताया गया है। बच्ची को रविवार की देर रात्रि से दस्त होना शुरू हो गया परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। सिहास गांव के मांझी टोला में डायरिया का प्रकोप काफी भयावह हो गया है। दो दिनों से लगभग दो दर्जन से अधिक लोग डायरिया के चपेट में आ गये हैं। लगभग पूरा गांव डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। पीड़ितों में सुनीता कुमारी 13 वर्ष पिता सुरेश मांझी, धनवंती देवी 36 वर्ष पति महेश मांझी, टूसी कुमारी 14 वर्ष खेसारी मांझी 8 वर्ष दोनों के पिता उदय मांझी, प्रदीप राम 8 वर्ष, दीपक राम 6 वर्ष, सुगनी कुमारी 12 वर्ष तीनों के पिता बबन मुसहर, आरती देवी 35 वर्ष पति धर्मेंद्र मांझी, पिंकी कुमारी 24 वर्ष पति पुदीना मांझी, शुभम कुमारी 8 वर्ष पिता संतोष मुसहर, करिश्मा कुमारी 10 वर्ष पिता राजो मुसहर, अंकुश कुमार 5 वर्ष, फुल्की कुमारी 8 वर्ष दोनों के पिता जितेंद्र मुसहर, नीलम कुमारी, 12 वर्ष, बबीता कुमारी 8 वर्ष, धनंजय कुमार 6 वर्ष तीनों के पिता रामनीष मांझी, बबीता कुमारी 5 वर्ष पिता अलख मुसहर इन सब लोग डायरिया से पीड़ित है। गांव की स्थिति धीरे-धीरे खराब हो रही है और लोग गांव छोड़ने पर विवश है। ग्रामीण रामावतार राम ने बताया कि गांव की स्थिति खराब हो गयी है। एक बच्ची की मौत के बाद गांव भयभीत है लोग गांव छोड़ने पर विवश हो रहे हैं। प्रशासन से गांव में मेडिकल कैंप लगाने की मांग की है।

## समाजसेवी गुलचंद के निधन पर जताया शोक



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम योगीयटील्हा निवासी समाजसेवी और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गुलचंद पंडित उम्र लगभग 58 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। अपने पीछे भरे पूरे परिवार छोड़ कर चले गये जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। सूचना पाकर पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर इस दु:ख की घड़ी में ढाढ़स और धैर्य बंधाया और गहरी शोक संवेदना प्रकट कर मृतक की आत्मा को शांति मिलने की कामना ईश्वर से की। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, प्रमुख अंजू देवी, मुखिया इरफान अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, पूर्व मुखिया श्याम सुंदर यादव, बासुदेव गोप, विजय कुमार यादव, झामुमो किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण यादव, नागेश्वर यादव, रामजी यादव, रामचन्द्र यादव, मंटू पंडित, रामचंद्र पंडित, राजेन्द्र पंडित, रामु पंडित, रामेश्वर पंडित, प्रमोद पंडित, महावीर यादव, पंकज पंडित, अर्जुन पंडित, उमाशंकर पंडित सहित काफी संख्या में शोकाकुल ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## बेमियादी हड़ताल को लेकर सेविका सहायिकाओं की बैठक



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। आंगनबाड़ी कर्मियों की आठ सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 5 अक्टूबर से सेविका सहायिकाओं की राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी को लेकर मरकच्चो प्रखंड परिसर में सोमवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की प्रखंड स्तरीय बैठक विमला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड सचिव बेबी कुमारी ने किया। बैठक में पूरे प्रखंड में हड़ताल को पूर्ण सफल करने और आंगनबाड़ी की स्थापना के 50 वर्ष पूरा होने पर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सेविका सहायिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के साथ सरकार की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। उसे लागू करने के लिए झोंक दिया जाता है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष नीलम यादव, अर्चना देवी, सरस्वती देवी, कंचन देवी, मीना देवी, आशा देवी, सुनीता वर्णवाल, चंचल कुमारी, आरसी प्रवीण, कुमारी विद्यावती, नुसरत बानो, रीना पांडेय, बबीता, सुमित्रा, अनीता, रिंकी, फुलमंती, प्रीति, संजू, अंजू, पंकज देवी, मालती, मुन्नी, गायत्री, रीता, सुमित्रा, सपना, गजाला प्रवीण, मधुबाला पांडेय, माजरा खातुन, कौशल्या, संगीता, शुमार, आशा सहित बड़ी संख्या में सेविका सहायिका मौजूद थी।

## कांग्रेस नेता शंकर यादव की हत्या मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष शंकर यादव हत्याकांड मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने कांड के आरोपी मुनेश यादव पिता नाथो यादव (ग्राम भट्ठ बीघा चौपारण, जिला हजारीबाग) को मामले में 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 2 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 120 बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 2 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने रामदेव यादव व नरेश यादव को भी 302/34 आईपीसी और 120 बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने पवन यादव को 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार जुर्माना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने सभी आरोपियों को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास कि सजा सुनाई साथ ही 5 हजार जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत सभी को दोषी पाते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही 5 हजार जुमार्ना लगाया जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरही। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां गोरी पुल के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक टीवीएस मोटरसाइकिल गाड़ी संख्या जेएच12पी-4121 पर सवार होकर तिलैया से बरही की ओर जा रहा था तभी गोरी पुल के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना के सूचना चंदवारा थाना पुलिस को ग्रमीणों द्वारा दिया गया। घटना के सूचना पाकर थाना प्रभारी अरविंद कुमार दल बल के साथ घटना



स्थल पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को प्रथमिक उपचार हेतु सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पहचान बरही थाना क्षेत्र अंतगर्त बरसोत निवासी नारायण सिंह का 43 वर्ष पुत्र राजेश सिंह के रूप में किया गया। वहीं चंदवारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया। जहां उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, रमेश ठाकुर, मुखिया मोतीलाल चौधरी, सुजीत कुमार, दिवाकर पाठक, रूपेश कुमार, मुकेश बक्शी, विष्णुधारी महतों, दीपक पाठक, आनंद केशरी, नरेश कुशवाहा समेत काफी संख्या में पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति गंभीर

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में महिला लीला देवी की मौत हो गयी। वहीं पति सुरज बास्के पिता मंगरा मांझी 35 वर्ष ग्राम ज्वार पहाड़पुर पंचायत गोरहर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के मुताबिक दोनों पति-पत्नी सप्ताहिक बाजार बरकट्ठा से अपने घर लौट रहे थे। कि बरकट्ठा थाने के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आ गये। जहां महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि घायल पति को स्थानीय लोगों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया।**

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**जनप्रतिनिधियों ने की अडाणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना**

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महुगाई कला की मुखिया बेबी कुमारी और चंदौल पंचायत के उपमुखिया शमशेर आलम ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को सुविधाजनक बनाने में अडाणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। शिविर में विभिन्न आयु वर्गों के 140 से अधिक ग्रामीणों का नि:शुल्क इलाज किया गया। अब जल्द ही दृष्टि दोष वाले मरीजों के बीच नि:शुल्क चश्मों का भी वितरण किया जायेगा। नेत्र रोग विशेषज्ञों और गैर सरकारी संगठन



हेल्पएज इंडिया के सहायक कर्मचारियों की कुशल टीम ने पूरे शिविर में कार्यक्रम के दौरान अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच दृष्टि दोष, कमजोर नजर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां मिली। मौके पर डॉक्टरों ने मरीजों को आंखों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया और दृष्टि दोष का पता लगाते हुए ग्रामीणों को आवश्यक उपचार परामर्श भी दिये।

**लगातार जारी है अदाणी फाउंडेशन के सामाजिक कार्यो की पहल:** अडाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में नि:शुल्क बेल्ट फोर्स ट्रेनिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं। इस सेंटर से लगातार अभ्यर्थी अग्निवीर परीक्षा में सफल हो रहे हैं। वहीं, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों को इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। अडाणी फाउंडेशन लगातार सामाजिक कार्यों में नयी पहल कर रहा है।

## अबुआ आवास का गृहप्रवेश



**विष्णुगढ़। प्रखंड के मडमो स्थित डुमरियाटांड में नवनिर्मित अबुआ आवास का गृहप्रवेश मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने कराया। लाभुकों में अनीता देवी पति चूड़का मांझी, रतनी देवी पति रति मांझी, सिमोती देवी पति सेवाराम मांझी, किरण देवी पति रंजीत रबीदास, का नाम शामिल है। मौके पर उपस्थित मुखिया कुंती कुमारी और पंचयात समिति सदस्य बहराम हसदा ने कहा कि आज बेहद खुशी हो रही है। हमलोगों के प्रयास से योग्य गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध हुवा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि जरूरतमन्दों को आवास उपलब्ध कराने में काफी सहयोग किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद, प्रकाश साव, घनश्याम महतो, सनीचर सोरेन, रामानंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।**

## बापना सीड्स ने किया कार्यशाला का आयोजन

**सतगावां (आजाद सिपाही)। बापना सीड्स प्रा लि के डीलर, न्यू जगदम्बा कृषि केंद्र वारिसलीगंज (बिहार) द्वारा न्यूट्रीप्योर बिजनेस पर आधारित रिटेलर्स कूपन का लकी ड्रॉ आर के होटल में आयोजित किया गया। इस लकी ड्रॉ में लगभग पचास खुदरा विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बापना कंपनी की ओर से पीयूष कुमार (क्षेत्रीय प्रबंधक) मौजूद थे। बापना सीड्स कंपनी के अधिकारी पीयूष कुमार के द्वारा आयोजन कर्ता न्यू जगदम्बा कृषि केंद्र के डीलर संत शरण सिंह उर्फ शंभू सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कन्हैया कुमार, रविश कुमार और कौशल किंशोर ने कंपनी का परिचय दिया और बापना सीड्स के उत्पादों जैसे न्यूट्रीशन, धान, गेहूं, सरसों और सब्जियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। मौके पर अजय कुमार, मंटू कुमार, सुबोध कुमार, संजय सिंह, बरूण कुमार, संतोष कुमार, मुन्ना कुमार, निक्कू कुमार, नवलेश कुमार आदि उपस्थित थे।**

# देश के 15 बेहतरीन स्कूल में शामिल होने पर द आरवीएस को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। द रामेश्वर वैली स्कूल देश के शीर्ष 15 लीड स्कूलों में हुआ शामिल लीड भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती स्कूल एडटेक कंपनी है। हैदराबाद के ली मेरेडियन होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूरे देश से लीड स्कूल के मापदंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 15 स्कूलों को एक मंच पर बुलाया गया और उनका सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आंध्रप्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और कोडरमा से द रामेश्वर वैली स्कूल शामिल हुए। लीड के फाउंडर और सीइओ सुमीत मेहता ने एक एक कर सबों को प्रशस्ति पत्र और विनर अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। द रामेश्वर वैली स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्कूल




के डायरेक्टर प्रवीण मोदी और प्राचार्य रश्मि बर्णवाल मौजूद थे। दोनों प्रतिनिधि मंडल को लीड के फाउंडर ने सम्मानित किया। प्राचार्य रश्मि बर्णवाल ने इस अवॉर्ड को लेते हुए अपने स्कूल के शिक्षकों और बच्चो को इसका असल हकदार बताया और लीड के एकेडमिक मैनेजर आनंद नायक और एसोसिएट डायरेक्टर ईस्ट जोन श्वेता बोरदोलोई का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कंपनी के फाउंडर सुमीत मेहता ने एक मास्टर क्लास का सेशन भी दिया, जिसमें उन्होंने कार्य करने के तरीकों को कैसे और मजबूती मिले इस विषय पर चर्चा की और प्रकाश डाला। निदेशक प्रवीण मोदी ने द आर वी एस का प्रतिनिधित्व करते हुए लीड के फाउंडर सुमीत मेहता को एक प्रतीक चिन्ह देकर उनका मान बढ़ाया और लीड के साथ जुड़े सभी स्कूल और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# आइसेक्ट विवि में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

# हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारा आस्तित्व है : डॉ मुनीष गोविंद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। आइसेक्ट विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और हिंदी विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस के प्रशासनिक भवन परिसर में सोमवार को किया गया। बता दें कि हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत बीते 14 सितंबर को की गयी थी, जिसमें श्लोक वाचन, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद, कविता पर आधारित गायन, स्वरचित कविता पाठन सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी। सोमवार को समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर




### प्रतियोगिताओं में इन्हें किया गया पुरस्कृत

**संगीत प्रतियोगिता में निलेश कुमार, आर्यन कुमार और सचिन कुमार, चित्रकला में आनंद कुमार कुशवाहा, निशि शर्मा व पवन कुमार दास, कविता में सार्थक कुमार, समर्थ कुमार और रानी कुमारी, इंटर स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में राखी यादव, रिया कुमारी और सदफ नाज जबकि स्नातक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रेम कुमार गुप्ता, रानी कुमारी और राजन कुमार, वाद-विवाद प्रतियोगिता के समुह एक में नितिन, हेरा फातिमा व डॉली कुमारी, वहीं समुह दो में हर्ष कुमार, प्रणय भारती और कुमारी दिव्या राणा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार व अन्य के हाथों पुरस्कृत किया गया। बेहतर कविता पाठ के लिए सहायक प्राध्यापिका कोमल पल्लवी भेंगरा व फरहीन सिद्दीकी को भी सम्मानित किया गया।**

रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा और वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार के हाथों दीप प्रज्ज्वलन और मां शारदे को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह देश के बहुसंख्यक आबादी की बोली और समझी जाने वाली प्रमुख भाषा है। इस कार्यक्रम को डॉ एसआर रथ, डॉ एमके मिश्रा, डॉ बिनोद कुमार, सबीता कुमारी, नेहा सिन्हा, डॉ अरविंद कुमार, डॉ सत्यप्रकाश, प्रभात किरण, डॉ प्रीति व्यास, संजय कुमार दांगी, डॉ ओम कुमार दास, डॉ आलोक कुमार, रितेश कुमार, सबा परवीन समेत अन्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और हिंदी भाषा के बढ़ावा पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ एसआर रथ, डॉ रोजी कांत, डॉ प्रीति व्यास, अमित कुमार, कुमारी सीमा, डॉ अरविंद कुमार, संजय कुमार दांगी, डॉ ओम कुमार दास, शुभा कुमारी, रविकांत, सबीता कुमारी, रितेश कुमार सहित अन्य महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## चोपदार बलिया पंचायत में एनएमडीसी के खिलाफ बैठक में गूंजा 'जान देंगे पर जमीन नहीं' का नारा



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया के पंचायत भवन में सोमवार को चोपदार बलिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी की अध्यक्षता और नेतृत्व में रोहने कॉल ब्लॉक मल्डी और पसेरिया परियोजना के विरुद्ध बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चौपदार बलिया के रैयत और प्रभावित ग्रामीण लोग शामिल हुई। जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि कंपनी को किसी भी कीमत में जमीन नहीं देंगे, अगर कंपनी को जमीन देंगे तो दाम हमाराहेगा, अन्यथा एक मुस्त उपजाऊ जमीन उपलब्ध करा देगा तो तभी हमलोग अपनी जमीन कंपनी को देंगे। वहीं ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि कोई भी कंपनी का दलाली नहीं करना है अगर कोई कंपनी का दलाली करते हुए पकड़ा जायेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी, कमल पुरी, राजू मेहता, कुलदीप महतो, सुरेश गिरी, नंदकिशोर मेहता, लालचंद यादव, श्रवण कुमार, टिकेश्वर, संतोष नायक इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल थें।

## विधायक की अनुशंसा पर डीप बोरिंग



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत में स्थित प्रखंड वासियो के आस्था का केंद्र बुढ़िया माता झाबर स्थान सामुदायिक भवन के सामने और पचड़ा पंचायत अंतर्गत बुकरू शिव मंदिर के समीप डीप बोरिंग का कार्य विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर संपन्न हुआ। सोमवार को विधायक अंबा प्रसाद के भाई इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने मंदिर में पूजा अर्चना कर डीप बोरिंग कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर अंकित राज ने कहा कि पानी टंकी का निर्माण होने से मंदिर में दूर दराज इलाकों से आये और आसपास के निवासियों को पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। अंकित राज ने कहा कि बुढ़िया माता झाबर स्थान मंदिर जाने वाले पथ पर विधायक अंबा प्रसाद की विधायक निधि से तोरणद्वार का निर्माण जल्द होगा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव, पंचायत समिति सदस्य अरविंद साव, विधायक प्रशासनिक प्रभारी चंदन गुप्ता, भागीरथ साव, रणजीत यादव, रामेश्वर साव, सोमर साव, आकाश कुमार, कौलेश्वर साव, बुधन साव, जय लाल यादव, रवि पांडे, राजेश रजक, तुलसी राम, नरेश मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक




कटकमदाग (आजाद सिपाही)। कटकमदाग थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख कुमारी बिनीता, बीस सुत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा, उप प्रमुख बिमल गुप्ता, थाना प्रभारी पंकज कुमार शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा की उच्च न्यायलय के आदेश के अनुसार डीजे पर पूर्णत: पाबंदी कर दी गयी है। उन्होंने कहा की मूर्ति विसर्जन में रुट चार्ट का पालन किया जायेगा और असमाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। बैठक में पहुंचे विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपना अपना विचार रखा। इसमें पूजा समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने का भरोसा जताया। बैठक में खपरियांवा मुखिया राजेश गुप्ता, सलगांवा मुखिया प्रतिनिधि महेश साव, नवल-किशोर प्रसाद, उप मुखिया ढेंगुरा मोहम्मद खुर्शीद, सहित विभिन्न पुजा क्लब के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इचाक में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान



इचाक (आजाद सिपाही)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत इचाक मोड़ में सफाई अभियान चलाया गया। लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कूड़ा कचरा यहां वहां न फेंकने और विधिवत निपटान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, सहायक अभियंता निखिल कुमार, कनीय अभियंता अरूण कुमार, जिला समन्वयक मनीष कुमार, कनीय अभियंता संजीव उरांव, मनीकांत महतो, सूरज कुमार, अभिजीत कुमार, उप मुखिया साजमा खातुन, समाजसेवी राजेन्द्र मेहता, जलसहिया बबीता देवी, कंजन मेहता, सवीता देवी, अनिता देवी, सहजादी खातुन आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक मे बीडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा पूजा को शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाये। वही थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा की डीजे पूर्ण प्रतिबंध है इसके साथ सभी अखंड धारी को सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन संयंत्र की व्यवस्था जरूर रखें। वही दारू और झुमरा दुर्गापूजा समिति के लोगों ने चलन शौचालय की भी मांग की। इस मौके पर एएसआई गणेश हसदा, अभिषेक कुमार, सुरेश साव, संजीत कुमार, शेखर गुप्ता, सुलेमान मियां, शमसुद्दीन मियां, विजय कुमार, उस्मान अंसारी, राकेश कुमार, भैया संतोष सिन्हा, कृष्ण चंद्र यादव, जैनुल अंसारी, रविंद्र कुमार कैलाश प्रसाद इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

## कृषक मित्र को दिया गया प्रशिक्षण

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड रविवार को नासरगंज देवी मंडप के समीप कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृषक मित्र सुरेंद्र पांडेय ने किया और संचालन बी टी एम अरविंद पांडेय ने किया। बैठक में कृषकों के प्रशिक्षण को लेकर कृषि क्षेत्र में धान के पैदावार बढ़ाने, खेती सुधीर करने उपज में देख-रेख करने, धान के फसल में लगने वाले कीड़े मकोड़े और रोग को लेकर अरविंद कुमार के द्वारा बचाव के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर रामस्वरूप पांडेय, रतन पांडेय, रामचंद्र साव, जवाहर साव, आयुष शर्मा, शंकर सिंह बघेल, गोपी साव, लीला देवी, चिंता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## कोयल नदी से एक महिला का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बेलचंपा कोयल नदी से अज्ञात महिला का शव संदिग्ध अव्यवस्था में बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा बेलचंपा स्थित कोयल नदी पुल के नीचे नदी में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जिसका हाथ बंधा हुआ है। पुलिस के अनुसार महिला के उम्र 30 वर्ष बताई जा रही है। और वह लाल कलर की नाइटी पहनी हुई है।

## मैरून खातून की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरवा निवासी कजरूदीन अंसारी की पुत्री मैरून खातुन (14 वर्ष) की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि मृतका का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ था, जिसका पैर और घुटना जमीन से सटा हुआ था, जिससे लड़की को हत्या कर शव को फांसी का रूप दिया गया हो। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु गढ़वा भेजने की तैयारी में थी।

# जो संवैधानिक अधिकार हमें नहीं मिला, आने वाली पीढ़ी को दिला कर रहूंगा : ब्रह्मदेव प्रसाद

**आप किस पार्टी और किस दल में रहेंगे, हम मना नहीं करने आये हैं, लेकिन यह निवेदन करने आया हूं कि जहां बात ओबीसी की आये, आप दो कदम आगे बढ़कर इस झंडे को जरूर लगायें : ब्रह्मदेव प्रसाद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा गढ़वा रंका विधानसभा स्तरीय जागरूकता महासम्मेलन का आयोजन टाउन हॉल गढ़वा में किया गया। मंच पर तमाम पदाधिकारियों ने ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) को बड़े सम्मान के साथ फूल माला से स्वागत किया। मंच का संचालन इश्तियाक राजा के द्वारा किया गया।

मंच को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि नौकरी का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे वह मेडिकल और इंजीनियर पढ़ाई के क्षेत्र हो सभी जगहों पर ओबीसी के लिए 52 प्रतिशत सीट आरक्षित करना पड़ेगा, यह संकल्प के साथ हमलोगों ने हुंकार भरने का काम किया है। सभी दल, जाति और ओबीसी परिवार के लोगों ने एकता अधिकार मंच पर आकर के पूरा जन समर्थन देने का काम किया है। यह लड़ाई आने वाले पीढ़ी के लिए लड़ाई है। इसलिए आपको साथ देकर के इस लड़ाई को देश स्तर पर ले जाना होगा, तभी आपका आने वाले पीढ़ी के लिए लड़ाई सफल होगा। यह मैं आप से निवेदन करने आया हूं। आपको घर-घर में ब्रह्मदेव प्रसाद बनकर इस लड़ाई के अभियान में साथ देना होगा, तभी यह लड़ाई सफल होगा। अन्यथा इसी तरह हमलोग आते रहेंगे, सभा में बैठकर के बातों को सुनकर के जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप किस पार्टी में रहेंगे, किस दल में रहेंगे, हम मना नहीं करने आये हैं। किस जाति से, किस धर्म से, किस झंडे को अपने घर पर लगायेंगे, यह मना नहीं करने आये है, लेकिन यह निवेदन करने आया हूं कि जहां बात ओबीसी के आये, आप दो कदम आगे बढ़कर इस झंडे को जरूर लगायें। आजादी के 78 वर्ष बाद भी हमे संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पाया है। इसको पाने के लिए गांव में, बस्ती में, चौपाल में, चौक पर, चौराहे पर, ब्रह्मदेव प्रसाद बनकर के नौजवानों को सभा करना होगा, तब ही यह आंदोलन सफल होगा। यहां से जाने के बाद आप सभी सोशल मिडिया, फेसबुक इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप के जरिये अपने दोस्त, परिवार को जरूर बताने का कार्य करें कि ओबीसी एकता अधिकार मंच लड़ाई लड़ रहा है, जिसका एक मैं भी सदस्य हूं। मंच पर पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी, केंद्रीय सदस्य डा. ज्वाला प्रसाद, डा पतंजलि केशरी, गुप्तेश्वर ठाकुर, संजय रंजन सिंह, चंपा देवी, बरूण बिहारी यादव, रविंद्र नाथ ठाकुर, आनंद विश्वकर्मा, अब्दुल मन्नान, शिव चौधरी, सोनू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बिजली बिल माफ, विरोधी साफ : मंत्री

**गढ़वा के दो लाख उपभोक्ताओं का 90 करोड़ से अधिक का बिजली बिल माफ**

**मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जल्द ही सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे, ताकि भविष्य में कोई भी इन्हें राशि भुगतान करने के लिए मजबूर न कर सके**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड सरकार ने पूरे राज्य के सभी गरीब बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर दी है। इसके तहत गढ़वा के लगभग दो लाख उपभोक्ताओं का करीब 90.5 करोड रुपये का बिजली बिल माफ कर दिया गया है। अब गरीब उपभोक्ताओं को बिजली का बकाया बिल एक रुपए भी नहीं भरना पड़ेगा। उपभोक्ताओं ने सरकार के इस फैसले से काफी राहत की सांस ली है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड के संवेदनशील हेमंत सरकार ने गढ़वा सहित झारखंड के लाखों गरीब उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर दिया है। उन्होंने बताया कि सिर्फ गढ़वा ज़िले में एक लाख 82 हजार 929 उपभोक्ताओं की 90 करोड़ 39 लाख 86 हजार रुपये बिजली बिल माफ की गयी है। इसके तहत गढ़वा वन डिवीजन में कुल एक लाख 28 हजार 516 उपभोक्ताओं का 65 करोड़ 78 लाख 80 रुपये तथा गढ़वा टू डिविजन में 54413 उपभोक्ताओं का 24 करोड़ 61 लाख छह हजार रुपये माफ किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जल्द ही सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। ताकि भविष्य में कोई भी इन्हें राशि भुगतान करने के लिए मजबूर न कर सके। यह सरकार गरीब गुरबों की सरकार है। उनके हितों और अधिकारों के लिए काम करती है। इसे हमें बनायें रखना है। मंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों का बिजली बिल माफ और विरोधी साफ हो गये हैं। साथ ही झारखंड सरकार ने गरीब किसानों का दो लाख रुपये तक का लोन भी माफ कर दी है। जिससे लोन के बोझ तले दबे किसानों को भी बहुत बड़ी राहत मिली है। सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर कार्य कर रही।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 10587 Dated 27.09.2024 I, MD NAYEEMUDDIN S/o Late Md Sahiruddin, aged About 46 Years by faith-Islam, by Occupation- Business, by Nationality-Indian, Present R/o At.- Main Road Kuju, P.O.-Kuju, P.S.- Mandu, Dist.-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That "NEMAT PRAVEEN" is my daughter.
2. That my correct name of spelling is "MD NAYEEMUDDIN" which has been mentioned in my Aadhar Card, bearing No.- 8910 4368 9133, PAN Card, bearing No.- ADWPN3082A and my daughter's namely NEMAT PRAVEEN in her Aadhar Card, bearing No.-4983 5158 9765.
3. That my name of spelling wrongly mentioned as " MD NAYMUDDIN" in School records of my daughter's in Agrasen DAV Public School, Bharechnagar, Sandi, Dist.-Ramgarh (Jharkhand) and my aforesaid daughter's D.O.B. 13.08.2007 of CBSE School Certificate vide Roll No.-22304317, Centre No.-844397, School No.- 66325. 4. That I want to be rectification of my name of spelling as "MD NAYEEMUDDIN In place of Md. NAYMUDDIN" in School records of my daughter in Agrasen DAV Public School School, Bharech nagar, Sandi, Dist.-Ramgarh (Jharkhand).
5. That I want to correction of my name of spelling in School records of my aforesaid daughter in Agrasen DAV Public School, Bharechnagar Sandi, Dist.-Ramgarh (Jharkhand) and as be publish in Daily News paper for my name of spelling as "NAYEEMUDDIN" in place of " NAYMUDDIN". 6. That this affidavit is required for correction name of spelling as "Md NAYEEMUDDIN" in place of "MD NAYMUDDIN" in school records Agrasen DAV Public School, Bharechnagar Sandi of my daughter's namely- Nemat Praveen and be published in Daily News paper for future Complication.

## पोषण माह के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अरसली डोमटोली में पोषण माह के समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीडीपीओ कार्यालय के बड़ा बाबू मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि माह सितंबर में विभाग के द्वारा पोषण माह चलाया जाता है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के लाभुकों को सही खान-पान और पोषण के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार पोषण माह का थीम था पोषण भी पढ़ाई भी। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को गोदभराई और छोटे बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका वीणा चौरसिया, रेणु देवी, शीला देवी, अमलावती, सुषमा और नजमून निशा सहित कई सहायिका और महिलाएं उपस्थित थी।

## बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कटरा पंचायत का किया दौरा, हमारा बूथ सबसे मजबूत का दिया मंत्र



रंका (आजाद सिपाही)। बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रंका प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत का दौरा किया और सभी गांवों के बुथ कमेटी को मजबूत बनाने का मंत्र दिया। नितेश सिंह सभी झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता से मिल हाल चाल जाना और उनके द्वारा रखे गए संभव समस्याओं का तत्काल समाधान किया और कुछ समस्याओं को समयानुसार समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों को सशक्त बुथ कमेटी बनाने का कर्यकर्ताओं को निर्देश दिए। साथ ही झारखंड की हेमंत सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, जिपस प्रतिनिधि अनुमंडल उपाध्यक्ष रतन सिंह, समाजसेवी शमीम अंसारी, दीपक गुप्ता सहित सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, संतोष बने अध्यक्ष



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चुंदी दामर में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से उपस्थित अभिभावकों ने संतोष विश्वकर्मा को अध्यक्ष, गीता देवी को संयोजिका, बुलबुल देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर चयनित अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि मुझको जो विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक श्री ठाकुर, संतोष विभूति और चंद्रदेव ठाकुर विद्यालय के शिक्षक रवि कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक बालेश्वर प्रसाद यादव, उपस्थित अभिभावक आशीष कुमार बैठा, कामेश्वर विश्वकर्मा, श्रवण साह, आशीष सिंह, प्रमोद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# विधायक चंद्रवंशी ने सड़क और पुल का सात अलग-अलग स्थानों पर किया शिलान्यास


आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** विश्रामपुर, मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ीखांड, बोदरा, सनपुरवा, टडहे, पुरहे जाहरसराए में अलग-अलग 07 स्थानों पर सड़क और पुलिया का शिलान्यास पूजा अर्चना और नारियल तोड़कर किया। वहीं ग्राम टड़हे में मां कामाख्या मंदिर के चार दिवारी का भी उद्घाटन फीता काटकर किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस प्रकार इस प्रखंड की जनता हमें स्नेह प्यार चुनाव में वोट भर-भर कर दी है, हम पर विकास के लिए भरोस जतायी थी। मैं उनके विश्वासों को तोड़ा नहीं और क्षेत्र का विकास करने के लिए मैं खून पसीना एक कर दिया और हर एक गांव में सड़क, नाली पूल, पुलिया इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, अस्पताल जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया।

वहीं चंद्रवंशी ने कहा कि मेरे सुपुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को भाजपा से टिकट मिलती है तो अच्छी बात है, नहीं तो मुझे टिकट निश्चित है। पुनः हमें आशा है कि आप पूर्व के ही तरह हमें वोट देकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। जिस प्रकार से विकास कार्य चल रहा है। अनवरत इसी प्रकार से विकास कार्य चलता रहेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, संजय सिंह उर्फ सजन सिंह, दीपक चंद्रवंशी, मुखिया ललित बैठा, मुखिया शंभू राम, मुखिया पति कृपाल सिंह, मुखियापति इंदल सिंह, सवेंद्र पांडे, तथा अलग-अलग स्थान पर सैकड़ो कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित थे।

## भंडरिया थाना परिसर में दुर्गा पूजा और शारदीय नवरात्र को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित



भंडरिया (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में दुर्गा पूजा और शारदीय नवरात्र को लेकर सोमवार को शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक का संचालन सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार और दिलीप कुमार रंजन के द्वारा बैठक आहूत्य की गयी, जिसमें गणमान्य के साथ पूजा निर्माण समिति के साथ सभी राजनीतिक दल के लोग उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए सब इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी पूजा पंडालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पूजा पंडाल पर लगातार गश्त लगायेगी और उन्होंने कहा कि डीजे पर भड़काऊ गाना नहीं बजाना है, डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही उन्होंने कहा कि मोबाइल में किसी तरह का व्हाट्सएप या फेसबुक पर ध्यान नहीं दे। पूजा समिति के लोग स्थानीय प्रशासन को सूचना देते रहेंगे, जिससे पुलिस आपके पंडालों पर पहुंचकर सुरक्षा मुहैया करायेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक समिति के सदस्य पूजा को संपन्न करें। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंन्हा, बिससूत्री अध्यक्ष राजू घांसी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निर्मला ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, एसआई बिनोद सिंह, समाजसेवी सुशील सिन्हा, रामचंद्र महतो, सेवानिवृत शिक्षक कुंवर सिंह, विनोद गुप्ता, देवसागर दीक्षित, जय महतो भागीरथी कुशवाहा सुनील यादव, मनोज कुशवाहा, फिदा हुसैन, नूरे आलम आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम हेतु समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा रंका एवं श्री बंशीधर नगर, जिला खनन पदाधिकारी, राजेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारियों ने भी बैठक में भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर मामले की त्वरित गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलायी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## गढ़वा शहरी क्षेत्र समेत अन्य जगहों की सड़कों पर गड्ढों को अविलंब भरा जाये : उपायुक्त

गढ़वा। जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर रविवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न की गयी। बैठक में सर्वप्रथम गढ़वा शहरी क्षेत्र और जिले के अन्य जगहों के सड़कों पर व्याप्त गड्ढों को शीघ्र भरने और जर्जर सड़कों की मरम्मती करने का निर्देश एनएच के पदाधिकारी को दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा दो पहिया वाहन जांच (विशेष रूप से हेलमेट चेकिंग) तथा ऑटोरिक्शा (टेंपो) में ओवरलोडिंग के जांच अभियान चलाने की बात कही गयी।

## आओ चलें शिव की ओर : सत्येंद्र



रंका (आजाद सिपाही)। 'शिव आज भी गुरु हैं, आओ चलें शिव की ओर'उक्त प्रेरक प्रसंग रंका प्रखंड के रंकाखुर्द गांव में आयोजित शिव चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित गुरु भाई बहनों को संबोधन में सत्येंद्र कुमार ने कही। इस शिव चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ सत्येंद्र कुमार ने 'कितना प्यारा नाम है शिव गुरु तुम्हारा' भजन गाकर किया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़, भंडरिया, रमकंडा, चिनियां, गढ़वा, मेराल, रंका आदि सुदूरवर्ती गांवों से चलकर आये हुए शिव शिष्य और शिष्याओं ने बारी-बारी से शिव की चर्चा और भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, सुनिल कुमार, सुरेंद्र यादव, संजय सोनी, बैजनाथ, बिनोद, रामेश्वर, पंचम, मनोज सहित सैकड़ों की संख्या में गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **BCD/EE/HAZARIBAG/ 28 /2024-25** ,**PR** संख्या– 337418 **Building (24-25).D.**द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–02, कार्य का नाम– Construction of Aanganbadi Kendra, Moktama, -02 Moktama, Block:- Ichak, District- Hazaribagh. (20360060524), को , अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 337684 Building(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग
eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

रद्द सूचना

जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं–EE/WWD/Hazaribag/DMFT/F2-02/2024-25 पी0आ0 सं0–336810 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता हैं।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता,
जल पथप्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.337705 Water Resource(24-25):D

## बाइक के धक्के से मोपेड सवार बच्चा सहित तीन घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर कांडी मुख्य पथ पर करमाही मोड़ समीप सोमवार बाईक के धक्के से लूना सवार एक बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि बाईक सवार एक महिला भी घायल हो गयी। घायलों में कैलान गांव निवासी सरिता देवी पति अनुज सिंह, धुरकी थाना क्षेत्र मिरचईया गांव निवासी जीतू कोरवा, उसकी पत्नी राजमती देवी, पोता सुशांत कुमार 5 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त घायलों को ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद राजमति देवी को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

# भानु प्रताप शाही ने पौने आठ करोड़ की लागत से बननेवाली दो सड़कों का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने मझिगावां गांव में पौने आठ करोड़ की लागत से साढ़े छह किमी लंबाई की दो सड़कों का सोमवार को नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। पहला शिलान्यास कांडी-केतार मुख्य सड़क सवंडीह टोला से बत्तो मेन रोड़ होते हुए बाजार तक तीन करोड़ अठाइस लाख पचपन हजार रुपये की लागत से 2.7 किमी और दूसरी शिलान्यास मझिगावां में एलएंडटी पानी टंकी के पास से लेदरवा और मुसहरवा डेरा होते हुए कांडी-केतार मुख्य पथ तक चार करोड़ अड़तीस लाख 77 हजार की लागत से 3.8 किमी पक्की कालीकरण सड़क निर्माण किया जाना है। उक्त कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा की ओर से नंदनी कंस्ट्रक्शन को कार्य कराना है। भानु प्रताप शाही ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गरीबों के मान सम्मान के साथ दोनों नेताओं ने खिलवाड़ करने का काम किया है। छोटे राजा पर हमला बोलते हुए उनसे सवाल किया कि दोनों भाई मिल कर दस साल विधायक रहे, लेकिन क्षेत्र में दस ईंट भी उनके विकास के नाम पर नहीं है। कोरोना काल में जब गरीबों की जान जा रही थी। चारों तरफ भय और बीमारी से लोग आक्रांत थे, तब छोटे राजा लखनऊ में और ताहिर अंसारी बनारस में दुबके हुए थे। विधायक ने घोषणा करते हुए कहा कि सूबे में भाजपा की सरकार बनी, तो गोगो दीदी योजना के तहत अठारह से ऊपर सभी महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये अनवरत दिए जायेंगे। भानु ने यह भी कहा कि मैंने गरीब परिवार की साढ़े तीन सौ बहनों की शादी कराया है। बहुत जल्द हरिहरपुर के महुआधाम से बली बाबा तक, बंगला टोला, मझिगावां के बनरखोहा टोला तक पक्की सड़क का जल्द ही निर्माण किया जायेगा। वहीं लोगों ने चउतरवा टोले पर व केरवा टोले पर बिजली लगाने को आवेदन दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, बबलू, सत्राजित मिश्रा, आनंद, पवन, लखन राम, दयाशंकर सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के ज्ञापांक 226 दिनांक 27.09.2024 द्वारा प्रकाशित सहपठित PR 337429 Rural Development(24-25)D अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2024–25 में अंकित योजना को निम्न प्रकार संशोधित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | चुरचू | कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय, चरही का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 6561100.00 | 10000.00 | 132000.00 | नौ माह | द्वितीय |

इस कार्यालय के ज्ञापांक 226 दिनांक 27.09.2024 द्वारा प्रकाशित सहपठित PR 337429 Rural Development(24-25)D अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2024–25 से संबंधित प्रकाशित शेष शर्त्तें यथावत रहेगी, जिसे एन0आर0ई0पी0 कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
हजारीबाग

PR 337677 (Rural Development)24-25*D

# बेकाबू हो सकता है युद्ध

लेबनान में शुक्रवार को हुए इस्राइली हमले में हसन नसरल्लाह का मारा जाना हिज्बुल्ला के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। इस्राइली सेना और नेतन्याहू सरकार के लिए यह उतनी ही बड़ी कामयाबी है। अफसोस की बात यह है कि इस कथित झटके या कामयाबी के बाद भी इस क्षेत्र में शांति की संभावना मजबूत नहीं हुई है। इसके उलट संघर्ष के बेकाबू होने का खतरा है।

**टॉप लीडरशिप खत्म**

पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिज्बुल्ला का नेतृत्व कर रहा नसरल्लाह मध्यपूर्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शुमार किया जाता था। उसकी कमी की जल्द भरपाई होना मुश्किल है। मगर हिज्बुल्ला के लिए यह इकलौता झटका नहीं है। हाल के हमलों में उसके एक दर्जन से ज्यादा टॉप के कमांडर मारे जा चुके हैं। बहुचर्चित पेजर और वॉकी टॉकी हमलों ने उसके इंटरनल कम्युनिकेशन सिस्टम को भी लगभग खत्म कर दिया है। ऐसे में खुद को समेटकर इस्राइल पर दोबारा वैसा ही हमला करना हिज्बुल्ला के लिए काफी मुश्किल होगा।

**पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बतायी जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है।**

**समर्पण के आसार नहीं**

ताजा झटका कितना भी बड़ा हो, यह समझना गलत होगा कि इससे हिज्बुल्ला इस्राइल के सामने समर्पण कर देगा। पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बतायी जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है। हिज्बुल्ला ने कहा भी है कि वह इस्राइल के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा।

**इस्राइल का रवैया**

कुछ समय पहले तक 12 देशों की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम को लेकर जो भी बची-खुची उम्मीद थी, वह अब समाप्त हो गई है। ताजा कामयाबी ने इस्राइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक और लंबी लड़ाई की शुरूआत साबित हो सकती है।

**ईरान पर निगाहें**

निगाहें ईरान पर भी टिकी हैं। वह पहले से नाराज है। तेहरान के एक गेस्टहाउस में हमास नेता इस्माइल हानिये की मौत का बदला भी उसे लेना है। नसरल्लाह की मौत उसके लिए भी झटका है। देखने वाली बात यह है कि उसकी प्रतिक्रिया कितनी और कैसी होती है।

**भारत का रुख**

जहां तक भारत की बात है तो बाकी पूरी दुनिया की तरह वह भी यही चाहेगा कि संघर्ष की यह आग ज्यादा न फैले। इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर (क्टएएउ) जैसे दूरगामी हितों को फिलहाल छोड़ दें तो भी युद्ध का बेकाबू होना भारत को ही नहीं, ग्लोबल इकॉनमी को भी चुनौतियों के भंवर में डाल सकता है। युद्ध के बेकाबू होने से तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे भारतीय इकॉनमी को नुकसान होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप अगस्त 2024 तक योजना के लाभ के लिए पात्र 35,747 करोड़ रुपये सहित इस योजना के तहत स्वीकृत राशि 47,500 करोड़ रुपये को पार कर चुकी है और 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण हो चुका है। उल्लेखनीय रूप से, स्वीकृत परियोजनाओं में से 54% योजनाएं किसानों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, जो प्रधानमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप खेत-स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में किसानों की मजबूत भागीदारी को प्रदर्शित करती हैं।**

# एग्री इंफ्रा फंड से बदल रहा किसानों का जीवन



**शिवराज सिंह चौहान**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किसानों के प्रति गहरा प्रेम और संवेदनशीलता, उनके द्वारा लिये गये निर्णय, नीतियों और योजनाओं में स्पष्ट नजर आती है। अन्नदाताओं का जीवन बदलना ही उनका प्रथम लक्ष्य है और संकल्प भी। यही कारण है कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि और किसान सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहे। उनके नेतृत्व में, सरकार किसानों के सशक्तीकरण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआइएफ) जैसी नीतियों में स्पष्ट रूप से झलकता है।

भारत में फसल के बाद होने वाले नुकसान एक बड़ी चुनौती हैं, जो कृषि क्षेत्र की क्षमता और लाखों किसानों की कड़ी मेहनत को प्रभावित कर रहे हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष इसके कुल खाद्य उत्पादन का लगभग 16-18% नष्ट हो जाता है। ये नुकसान कटाई, थ्रेसिंग, भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण सहित विभिन्न चरणों के दौरान होते हैं। उचित भंडारण की कमी, कोल्ड चेन और अपर्याप्त प्रसंस्करण इकाइयां, कुशल लॉजिस्टिक्स का आभाव इन बड़े नुकसानों में योगदान करते हैं, जिससे देश की समग्र खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हे मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार नये सिरे से काम कर रही है

**पीएम मोदी की कल्याणकारी नीतियों से किसानों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए नवाचार के नित नये उपाय किये जा रहे हैं। वैज्ञानिकों के शोध को लैब से लैंड तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है, जिससे किसानों की उत्पादन की लागत घटे और फायदा ज्यादा हो। प्रधानमंत्री जी दूरदृष्टा हैं, जिनके द्वारा जुलाई 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में एग्री इंफ्रा फंड (एआइएफ) की शुरुआत की गयी थी। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने और खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने के लिए कृषि परिसंपत्तियों के माध्यम से फसलोपरांत प्रबंधन परियोजनाओं और नये युग की तकनीकों को बढ़ावा देकर इन चुनौतियों का समाधान करना है। एआइएफ के तहत, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 3% प्रति वर्ष की ब्याज छूट और सीजीटीएमएसइ के तहत 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज के साथ ऋण के रूप में 1 लाख करोड़ रुपये प्रदान किये जायेंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार का उद्देश्य न केवल उपज की गुणवत्ता और मात्रा को संरक्षित करना है, बल्कि किसानों को बाजारों तक अधिक कुशलता से पहुंचने में सक्षम बनाना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप अगस्त 2024 तक योजना के लाभ के लिए पात्र 35,747 करोड़ रुपये सहित इस योजना के तहत स्वीकृत राशि 47,500 करोड़ रुपये को पार कर चुकी है और 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण हो चुका है। उल्लेखनीय रूप से, स्वीकृत परियोजनाओं में से 54% योजनाएं किसानों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, जो प्रधानमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप खेत-स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में किसानों की मजबूत भागीदारी को प्रदर्शित करती हैं।

कृषि उपज का फसलोपरांत नुकसान का समाधान हो सके, इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत गंभीर है। उन्होंने भंडारण (ड्राई और कोल्ड), परिवहन आदि में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, ताकि किसानों को फसल नुकसान से बचाया जा सके। शुष्क भंडारण के संदर्भ में, खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में भारत में 1740 लाख मीट्रिक टन क्षमता के स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है और वर्तमान में भारत में कुल अनाज उत्पादन की भंडारण क्षमता 44% है, जो बहुत ही कम है। इसी प्रकार बागवानी उत्पादों के लिए, भारत में लगभग 441.9 लाख मीट्रिक टन भंडारण की कोल्ड चेन क्षमता है, जो देश में फलों और सब्जियों के उत्पादन का केवल 15.72% है। इन पूर्ण परियोजनाओं ने क्षेत्र की भंडारण क्षमता में लगभग 500 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि की है। परिणामस्वरूप, नयी शुष्क भंडारण सुविधाएं प्रति वर्ष 18.6 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का संरक्षण कर रही हैं, जिससे लगभग 5,700 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उचित कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के विकास से बागवानी उत्पादों के नुकसान में 10% की कमी आयी है, जिससे फसलोपरांत 3.5 लाख मीट्रिक टन उपज सुरक्षित हो रही है और हर साल लगभग 1,250 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री का कृषि क्षेत्र और किसानों के प्रति यह समर्पण न केवल उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में, एआइएफ से कृषि अवसंरचनाओं के विकास को नयी गति मिली है। अगस्त 2024 तक, एआईएफ के तहत देश भर में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित 74,695 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इन इंफ्रास्ट्रक्चर में 18,508 कस्टम हायरिंग सेंटर, 16,238 प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र, 13,702 गोदाम, 3,095 छंटाई और ग्रेडिंग इकाइयां, 1901 कोल्ड स्टोर और कोल्ड चेन और 21,251 अन्य प्रकार के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। 74,695 परियोजनाओं की मंजूरी से कृषि क्षेत्र में कुल 78,702 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है, जो एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, बल्कि युवाओं और किसानों के बीच उद्यमशीलता को भी प्रोत्साहित किया है, जिससे लगभग 50,000 नये कृषि उद्यम स्थापित हुए हैं। सरकार के प्रयासों से युवा भी कृषि की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो कि कृषि के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। यह कदम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन प्रयासों ने 800,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किये हैं, और भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2.5 मिलियन नौकरियों का सृजन होगा।

प्रधानमंत्री की कल्याणकारी नीतियों से किसानों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। खेत पर उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से किसानों को सीधे व्यापक उपभोक्ता आधार को बेचने की सुविधा मिली है, जिससे मूल्य प्राप्ति में वृद्धि हुई है और उनकी समग्र आय में वृद्धि हुई है। आधुनिक पैकेजिंग और कोल्ड स्टोरेज सिस्टम के कारण किसान अपनी बाजार बिक्री को समयबद्ध ढंग से अधिक रणनीतिक रूप से कर सकते हैं, जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति होती है। औसतन, इस इंफ्रास्ट्रक्चर ने किसानों को अपनी उपज के लिए 11-14% अधिक मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां न केवल एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित कर रही हैं, बल्कि ऋण जोखिम को भी कम कर रही हैं। क्रेडिट गारंटी समर्थन और ब्याज छूट के माध्यम से ऋण देने वाली संस्थाएं न्यूनतम जोखिम के साथ ऋण दे सकती हैं, जिससे उनके ग्राहक आधार और पोर्टफोलियो डाइवर्सिफिकेशन का विस्तार करने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से, इस फंड ने नाबार्ड की पुनर्वित्त सुविधा के साथ मिलकर एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में शामिल प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के लिए प्रभावी ब्याज दर को घटा कर 1% कर दिया है। इससे इन पैक्स से जुड़े हजारों किसानों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। आज तक, एआइएफ के तहत 2,970 करोड़ रुपये के ऋण के साथ 9,573 पैक्स परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है, जिसमें नाबार्ड से सैद्धांतिक मंजूरी भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी एग्री इंफ्रा फंड (एआइएफ) योजना में प्रगतिशील वृद्धि की एक शृंखला शुरू की है, जिससे यह अधिक समावेशी और काफी हद तक अधिक प्रभावशाली बन गयी है।

सरकार का प्रयास है कि कृषि लाभ का धंधा बने और किसानों की आय बढ़े, इसके लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनायी है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत कम करना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण और प्राकृतिक खेती। वर्तमान में, कृषि परिसंपत्ति विकास के लिए कुछ आशाजनक परियोजनाएं जैसे कि हाइड्रोपोनिक खेती, मशरूम की खेती, वर्टिकल फार्मिंग, एरोपोनिक खेती, पॉलीहाउस और ग्रीनहाउस, किसान समूहों और सामूहिकों के लिए आरक्षित हैं। हाल ही में इसके दायरे में विस्तार के कारण इन उपक्रमों को अब एआइएफ के तहत व्यक्तिगत किसानों को मंजूरी दी जा सकती है। इसी तरह, फसलोपरांत प्रबंधन की गतिविधियां केवल प्राथमिक प्रसंस्करण तक ही सीमित थीं। अब दिशा-निर्देशों का विस्तार करके इसे एकीकृत प्रसंस्करण बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक और द्वितीयक प्रसंस्करण दोनों शामिल हैं, जिससे परियोजना की व्यवहार्यता में वृद्धि हुई है और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति में मदद मिली है।

इसके अलावा पीएम कुसुम योजना का घटक-ए, जो बंजर, परती, खेती योग्य, चरागाह या दलदली भूमि पर 2 मेगावाट तक के सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की सुविधा प्रदान करता है, अब एआइएफ योजना के साथ सहजता से जोड़ा जा सकता है। यह रणनीतिक कन्वर्जेंस व्यक्तिगत किसानों और समूहों, दोनों को सशक्त बनायेगा, उनकी भूमिका को अन्नदाता से ऊर्जादाता तक बढ़ायेगा, साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय स्वच्छ ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देगा। इसके अतिरिक्त इस संशोधन के बाद एफपीओ यानी एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के लिए विशेष रूप से समर्पित क्रेडिट गारंटी कवर विंडो एआइएफ लाभार्थियों के लिए खुली रहेगी, जहां गारंटी शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा। ये परिवर्तन प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ायेंगे, खाद्य उत्पादन में विविधता लायेंगे और उपज की गुणवत्ता में सुधार करेंगे। वे शेल्फ लाइफ बढ़ायेंगे, परिवहन क्षमता को बढ़ावा देंगे और ग्रामीण आपूर्ति को शहरी मांग से जोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त, ये परिवर्तन रोजगार सृजित करने, इनपुट लागत कम करने, पैदावार बढ़ाने और कृषि दक्षता को बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिससे पर्याप्त रूप से ग्रामीण विकास होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एग्री इंफ्रा फंड (एआइएफ) एक स्थायी समाधान प्रदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र के विकास और भारतीय किसानों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण कृषि और किसानों से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं को दूर किया जा रहा, सघन आपसी संवाद और संयुक्त प्रयासों से कृषि और किसान कल्याण के क्षेत्र में नया सबेरा लेकर आया है, जो विकसित कृषि से विकसित भारत के सपने को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## देश-विदेश की खबरें

# मिथुन को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार मिथुन चक्रवर्ती को आठ अक्टूबर को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अभिनेता को यह सम्मान दिये जाने की घोषणा सोमवार को की। मिथुन की सिनेमाई यात्रा ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है और उनके करियर ने बॉलीवुड को एक नया आयाम दिया है।

**सिनेमा जगत में मिथुन चक्रवर्ती की प्रेरणादायक यात्रा :** मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म इंडस्ट्री में यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। उन्होंने 'डिस्को डांसर', 'अग्निपथ' जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उनका सफर संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत से बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनायी। मिथुन के अभिनय करने के खास स्टाइल और डांसिंग स्टाइल ने उन्हें देश-विदेश में लोकप्रिय बनाया। उनकी फिल्मों ने कई दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है।

**आठ अक्टूबर को होगा 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह :** दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। इस बार यह सम्मान मिथुन चक्रवर्ती को मिलेगा। यह पुरस्कार मिथुन को आठ अक्टूबर को आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जायेगा। यह अवॉर्ड उनकी अद्वितीय उपलब्धियों और भारतीय सिनेमा के लिए किये गये महान योगदान के सम्मान में दिया जा रहा है। यह पुरस्कार उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने भारतीय सिनेमा के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है।



**पीएम मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को बधाई दी, कहा- वह एक कल्चरल आइकन हैं**

सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में पीएम मोदी ने लिखा, मुझे खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। वह एक कल्चरल आइकन हैं, जिन्हें उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पीढ़ियों से सराहा जाता रहा है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

**मिथुन के साथ अनगिनत यादें और हिट फिल्में :** मिथुन चक्रवर्ती ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में दी हैं। 'डिस्को डांसर' के साथ उनका नाम जुड़ा हुआ है, जिसने मिथुन चक्रवर्ती को एक पॉपुलर डांसिंग स्टार के रूप में स्थापित किया। इसके अलावा 'अग्निपथ' में मिथुन चक्रवर्ती के दमदार अभिनय को भी खूब सराहा गया। मिथुन ने सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि बंगाली और दूसरे भारतीय भाषाओं में भी अपनी पहचान बनायी।

**अभिनेता की उपलब्धियां और पुरस्कार :** मिथुन चक्रवर्ती को इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। मिथुन को बेहतरीन अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। इसके अलावा मिथुन सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती ने 'मृगया' फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद मिथुन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**कभी नक्सली विचारधारा से प्रेरित थे मिथुन :** मिथुन चक्रवर्ती फिल्मों में आने से पहले नक्सल विचारधारा से प्रेरित थे। हालांकि बाद में उन्होंने इस विचारधारा से मुंह मोड़ लिया। मिथुन चक्रवर्ती ने इसके बाद ममता बनजी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए। हालांकि कुछ समय बाद मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी से भी किनारा कर लिया। फिलहाल मिथुन चक्रवर्ती भाजपा में हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# हिमांचल प्रदेश के राष्ट्रीय अधिवेशन में जमशेदपुर से तीन प्रतिभागी हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नेशनल हॉकर फेडरेशन द्वारा हिमांचल प्रदेश के मनाली में चार दिवसीय जलवायु परिवर्तन और प्लास्टिक उन्मूलन विषय पर आधारित राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे भारत से कुल 105 डेलीगेट्स शामिल हुए। जिसमें जमशेदपुर के रहने वाले तीन प्रतिभागी उत्तम चक्रवर्ती, नागेन्द्र कुमार और सुनीता पोयडा ने उपस्थिति दर्ज करायी। राष्ट्रीय अधिवेशन में स्ट्रीट वेंडर से संबंधित मुद्दों और सरकार की ओर से बनाये गये कानूनों पर चर्चा की गयी। अधिवेशन में 24 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 105 स्ट्रीट वेंडर लीडरों ने अपने अपने प्रदेश की समस्याओं को सबके सामने रखा। मौके पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 9 सितंबर 2013 को फैसले के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर्स प्रोटेक्शन ऑफ लाइवलीहुड एंड रेगुलेशन ऑफ स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट 2014 को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वहीं हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय अधिनियम के गैर-कार्यान्वयन पर गहरी चिंता व्यक्त की गयी।



मौके पर महासचिव शक्तिमान घोष, कार्यकारी अध्यक्ष मीर इनायत अली बकरी, अतिरिक्त महासचिव जयंत दास, उप महासचिव मेकेंजी डाबरे, महिला नेता क्षेत्री तमा देवी, ओम प्रकाश सिंह, सत्यरूपा शेखर सहित अन्य शामिल रहे।

## जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी से मिला धीवर समाज का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** धीवर समाज के एक प्रतिनिधि मंडल रुस धीवर के नेतृत में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी से मुलाकात की। सोमवार को साकची स्थित विधायक कार्यालय में मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले में धीवर समाज का उत्थान के लिए नये समिति गठन को लेकर चर्चा की। मौके पर रुस धीवर ने कहा, धीवर समाज के लिए धरा, धारा धोरा और धीवर उत्थान संग्राम समिति का गठन किया गया। विधायक के सहयोग से संस्था को रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिले में धीवर समाज के लगभग 45 हजार से ज्यादा लोग निवास करते है। ज्यादा तर लोग मछली पकड़ कर अपना परिवार चलते हैं। इस अवसर पर समिति के कार्यालय सचिव सूरज कुमार धीवर, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक धोरा, मनोज कुमार धीवर, किशोर धीवर, प्रदीप धीवर सहित अन्य शामिल रहे।

## सुरदा कॉपर माइंस में खनन पट्टा औपचारिकताएं पूरी, जल्द शुरू होगा खनन और प्रेषण का कार्य

**रॉयल्टी और डीएमएफटी मद में साढ़े 13 करोड़ मिलेगा राज्य सरकार को**

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत मुसाबनी अंचल के मौजा सुरदा के रकवा 388.68 हेक्टर क्षेत्र पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा धारित कॉपर और एसोसिएट खनिज के खनन पट्टा की अवधि विस्तार की स्वीकृति 31 मार्च 2040 तक झारखंड सरकार के कैबिनेट द्वारा दी गयी है। तत्पश्चात अनुपूरक खनन पट्टा संविदा का निष्पादन उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के द्वारा 26 सितंबर को कर दिया गया। इस प्रकार हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, घाटशिला द्वारा सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं, जिसके पश्चात हिंदुस्तान कॉपर लिमीटेड द्वारा खनन पट्टा क्षेत्र अंतर्गत उत्पादन और प्रेषण का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। खनन कार्य प्रारंभ होने से आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा तथा राज्य के खनन राजस्व में अधिक से अधिक बढ़ोतरी होगी। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि खनन कार्य शुरू होने से अनुमानित रॉयल्टी 11,23,06,252.00 रुपये तथा डीएमएफटी मद में 2,24,61,251.00 रुपये राजस्व संग्रहण की संभावना है।

# आयोजक अपने सोशल मीडिया समूह पर नियंत्रण रखें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा लोहरदगा जिला में बहुत ही धूमधाम और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। सभी पूजा समिति अपने संबधित थानों में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के समय से अवगत करा दे। जो समय निर्धारित है उसी अवधि के अंदर प्रतिमा का विसर्जन हो। आयोजक अपने सोशल मीडिया समूह पर विशेष नियंत्रण रखें, जिसमें किसी को भी उकसाने वाला कंटेट फारवर्ड करने की अनुमति नहीं हो। समितियों के वॉलेंटियर्स के साथ पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक बैठक निर्धारित की जायेगी, जिसमे वॉलेंटियर्स के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जानकारी दी जायेगी। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूजा पंडाल में अग्नि के खतरों से आपात स्थिति में निबटने के तरीकों और अग्निशामक के इस्तेमाल के बारे भी बताया जायेगा। वॉलेंटियर्स के लिए एक आईडी कार्ड भी जारी किया जाये जिसमें संबधित थाना प्रभारी का हस्ताक्षर हो।

उपायुक्त ने पूजा समिति के आयोजकों को सुझाव दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान युवा वर्गों के लिए कॅरियर डेवलमेंट, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाय।

बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, प्रखंडों से आये शाति समिति के सदस्य और गणमान्य उपस्थित थे।



### ग्रामीण क्षेत्रों में भी होगी पेट्रोलिंग : एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। मुख्य सडक में पडने वाले पूजा पंडालों के लिए विशेष ट्रैफिक मैनेजमेंट की व्यवस्था की जायेगी। पूजा समितिया पूजा पडालों में अग्निशामक की व्यवस्था रखेंगे ताकि किसी विशेष परिस्थिति से निबटा जा सके। यह भी योजना बना लेंगे कि पूजा पडालों में फायर ब्रिगेड की गाडी किस तरह जल्दी पहुंच सकेगी।

### शाति बनाये रखने का करें प्रयास : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पूजा समितिया और शांति समिति के सदस्य पूजा पंडालों के आसपास किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दे। असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। पूजा पंडालों में प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग हो। महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग पक्ति हो।

## घायल मजदूर के इलाज के लिए मिशन बदलाव ने ठेकेदार से की बात

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने गोवा में घायल हुए मजदूर की बेहतर इलाज को लेकर ठेकेदार से बात की। मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि डोंबा बीरा निवासी राजेंद्र सिंह पलायन किया हुआ मजदूर है। वह गोवा में क्रेशर मशीन में पत्थर को काटने का दौरान उसके साथ हादसा हो गया और उसके बाद उसके पेट में चोट लगी। उसे गोवा के सरकारी अस्पताल में एडमिट कराया गया। मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि उसके बेहतर इलाज के लिए ठेकेदार को कॉल कर व्यवस्था करने के लिए प्रेरित करते हुए इलाज की जिम्मेदारी और जवाबदेही उसकी बतायी। ठेकेदार ने सहमति दी कि वह घायल मजदूर का बेहतर सहयोग करूंगा। उसकी बहन के द्वारा उधार लेकर अपने भाई के यहां गोवा जाने की तैयारी है। ज्योति वर्मा ने कहा कि पूरे परिवार के साथ मिशन बदलाव हमेशा खड़ा है और मजदूरों के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध हमेशा लड़ाई की है।

# लुथरान चर्च की भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में सड़क पर उतरा मसीही समाज

**जिला प्रशासन ने न्याय नहीं किया तो बड़े आंदोलन की दी गयी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दी बोर्ड आफ ट्रस्टीज आफ दी लूथरन चर्च प्रॉपर्टी की भूमि पर जबरन दुर्गा पूजा मनाने के विरोध में आज गुमला शहर में एक विशेष समुदाय द्वारा एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गयी, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए हड़ताली वृक्ष के समीप पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। जुलूस में शामिल महिला पुरुष नारा लगाते पंक्तिबद्ध चल रहे थे। लोग हाथों में तख्ती लिए हुए नारा लगा रहे थे, जिसमें लिखा था आस्था के नाम पर जमीन हड़पना बंद करो, जिला प्रशासन अभिलंब न्याय दो, सोसो भलदम चट्टी की जमीन पर अवैध कब्जा छोड़ना होगा, आदिवासियों की जमीन पर अतिक्रमण बंद करो, गुमला प्रशासन हाय-हाय। स्थानीय विधायक भूषण तिर्की ने संबोधित करते हुए कहा कि मसीह समाज की भूमि पर अवैध तरीके से जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है उसे जिला प्रशासन मुक्त करा कर जिसकी भूमि है उसे सौंपी जाये। आदिवासियों की भूमि की रक्षा करना जिला प्रशासन का कर्तव्य है।



इस मौके पर समाजसेवी अमित एक्का और सुनील केरकेटटा ने अपने अपने विचार रखे। बताया गया कि आवेदन के माध्यम से गुमला अंचला अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त गुमला सभी को अवैध तरीके से मसीह भूमि पर कब्जा किये जाने की सूचना दी जा चुकी है। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। वक्ताओं ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन के वावजूद अगर जिला प्रशासन और हमारी सरकार हम आदिवासियों की भूमि पर हो रहे अनैतिक कार्य कब्जा को नहीं हटाया गया तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा। आवेदन पर सेत कुमार एक्का, सुधीर कुजूर, विनोद कुमार बरुआ, आलोइस मिजं, फादर सोमनाथ, निर्मल सुरेश डुंगडुंग, मनीष एक्का आदि प्रमुख लोगों का हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से आधा दर्जन लोग घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-सिसई मुख्य पथ में सेमरा बाजार मोड़ के समीप बीती देर रात ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ऑटो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां सामाजिक कार्यकर्ता सह मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली के सहयोग से चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सिसई पंडरानी से एक परिवार के सभी लोग भरनो थाना क्षेत्र के बनटोली गांव नया मेहमानी कराकर लौट रहे थे। इसी दौरान सेमरा बाजार मोड़ के समीप ऑटो संख्या जेएच जीरो 7 एफ -2670 अनियंत्रित हो पलट गयी। जिसमें सवार सभी लोग घायल हो गयी। इस दौरान ऑटो के पलटने से सिसई प्रखंड के पंडरानी गांव निवासी सुनील उरांव, सुखु उरांव, लोथ्या उरांव, मिलो उरांव, सुमित्रा उरांव, आशा उरांव, धरमू उरांव, जावा उरांव, बिरसो उरांव और बुदु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिसमें धरमू उरांव की स्थिति चिंताजनक है। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

## चुंगरू में बन रही पुलिया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूर नक्सलवाद प्रभावित चुंगरू पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे पुलिया ढलाई के दौरान निम्न स्तर का निर्माण कार्य कराये जाने के बाद ध्वस्त हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को प्रखंड के चुंगरू पंचायत के चुंगरू ग्राम में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत एसएस कंस्ट्रक्शन द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जा रहा पुलिया निर्माण कार्य को रविवार को ढलाई किया गया था। घटिया निर्माण व निम्न स्तर का सामग्री उपयोग किए जाने के कारण निर्माण कार्य के दौरान ही एकाएक ढलाई छत ध्वस्त होकर गिर गया। हालांकि हादसा के समय काम कर रहे मजदूर बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार चुंगरू पंचायत में सड़क के साथ बनने वाली सभी पुल पुलिया का निर्माण कार्य एसएस कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन देर रात के कारण अनियमितता बरतने से पुलिया ढलाई पूर्ण होने से पहले ही रात में एकाएक धाराशाही होकर गिर गयी। ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में संवेदक गुपचुप तरीके से पुलिया की ढलाई कर रहा था। जो पुलिया की गुणवत्ता की पोल खोल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी मांग के बाद गांव में सड़क व पुलिया का पहली बार इस गांव में पक्की सड़क और पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मजे की बात है की निर्माण के दौरान ही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने कई बार गोलबंद होकर आंदोलन भी किया था।इसके अलावे बरवाडीह पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने भी जिला परिषद की बैठक मामले को प्रमुखता से उठाया था। लेकिन विभागीय अनदेखी और उदासीनता के कारण निम्न स्तर का पुलिया का निर्माण कराया गया है।



### विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

## तानाखुदी से विद्यालय के मुख्य द्वार तक सड़क मरम्मत पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता


**गुमला।** सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गुमला में उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गयी एवं उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विद्यालय की ओर से छात्रावास में सोलर चलित वाटर हीटर लगाने, सोलर चलित इनवर्टर लगाने, वाटर कूलर लगाने एवं 50 सोलर स्ट्रीट लाइट आदि व्यवस्था करने की मांग की गयी। वहीं दिव्यांग छात्रों हेतु रैंप निर्माण, वर्षा जल संग्रहण हेतु सोक पिट एवं कैनाल के निर्माण, खेल के मैदान दर्शक दीर्घा का निर्माण, बालिका सदन में पेबर ब्लॉक निर्माण, जालीदार स्लाइडर खिड़की एवं अतिरिक्त डीप बोरिंग के निर्माण के मुद्दों पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। बैठक में तानाखुदी से विद्यालय के मुख्य द्वार तक सड़क मरम्मती करने हेतु प्रमुख रूप से चर्चा हुई। शैक्षणिक भवन के भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स एवं मैथ्स लैब का भी निरीक्षण किया जहां मैथ्स के छात्रों ने क्रियाकलाप प्रस्तुत किया। इस दौरान उपायुक्त ने केमिस्ट्री के लैब में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सावधानी बरतने हेतु निर्देश दिया।

## चैनपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच अभियान चलाया गया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के मध्य नजर सोमवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कई मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच अभियान चला कर किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के द्वारा चैनपुर के विभिन्न प्रतिष्ठान में जांच करते हुए खाद्य पदार्थों का सैंपल संग्रह किया गया। जांच के क्रम में उन्होंने प्रतिष्ठान में स्वच्छता और सफाई रखने का निर्देश दिया खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाईयो की मांग बढ़ जाती है जिससे बाजार में नकली व कम गुणवत्ता वाले भोज्य पदार्थ को बढ़ाने की संभावना प्रबल हो जाती है। इसी के मध्य नजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाकर इस प्रकार के स्वास्थ्य से खेलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने होटलों से मिठाई का सैंपल लेकर रांची लेब भेजा है और साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही त्योहार के समय में किसी प्रकार का मिलावट नहीं करने का निर्देश दिया गया। वही कुछ होटल में डुप्लीकेट कलर का इस्तेमाल कर जलेबी बनाया जा रहा था जिसे नाली में फेंकवाया गया। साथ ही साथ निर्देश दिया गया कि मिलावटी सामान और डुप्लीकेट कलर का इस्तेमाल न करें वही। उन्होंने बताया की इसके अलावा अन्य होटलों में भी छापे मारी अभियान चलाया जाएगा। वही जिला परामर्शी तम्बाकू निषेधिकाई वंदना होरो के द्वारा बस स्टैंड स्थित एक दुकान से जांच कर कोटपा के तहत फाइन लगाया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता खाद्य सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवम सूरज कुमार उपस्थित थे।

## स्वच्छता मिनी-मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति और नगर परिषद द्वारा 'स्वच्छता मिनी-मैराथन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया और प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए रवाना किया गया। यह दौड़ समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी मोड़, साइडिंग, पावरगंज चौक, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, भट्ठी चौक, नगर परिषद कार्यालय रोड, अलका सिनेमा (न्यू रोड), पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में संपन्न हुई। इस मिनी मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विजेताओं लड़के एवं लड़कियों को शील्ड, मेडल अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रथम 10 प्रतिभागियों (लड़के एवं लड़कियों) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा व अन्य पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## चटुआग डैम में डूबने से व्यक्ति की मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के कामता पंचायत स्थित सयानी के रहने वाला भूखल गंझु चटुआग डैम के पास अपना भैंस चरा रहा था भैंस चराने के दौरान ही भैंस डैम में अंदर घुस गयी। बहुत देर तक अंदर ही रही शाम ढलने के बाद लगभग 5:00 बजे भूखल गंझु के द्वारा स्वयं ही डैम चले गये और भैंस को निकालने की कोशिश करने लगे। बताया जाता है कि भूखल गंझु का उम्र लगभग 60 वर्ष बतायी जा रही है। भूखल गंझु भैंस निकालने के क्रम में ही वे खुद डैम में डूब गये जिससे उनकी मौत हो गयी। ऐसी घटना देखने के बाद आसपास के लोग कामता पंचायत के मुखिया नरेश भगत को सूचना दिया।

## जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र करें अधिकारी : आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन सेन्हा में प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्या आशा लकड़ा प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित हुई। आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम से उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष द्वारा अपने अपने गांव का समस्या और विकास को लेकर मुख्य सुविधा बहाल करने पर विचार रखते हुए निदान का मांग किया गया। ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय से मुर्की जाने वाले पथ की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया। वही ग्रामीण महिलाओं का शोषण संबंधित समस्याएं भी उभर कर सामने आयी। जिसे आशा लकड़ा ने सभी बिंदुओं पर गम्भीरता पूर्वक जनसमस्याओं का सीघ्र समाधान का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को दिया गया तथा जो समस्या प्रखंड स्तर पर निदान होने जैसा है। उसे भी त्वरित जांचोपरांत कारवाई करने का निर्देश दिया गया।



## अवैध खनन और भूमि अधिकार उल्लंघन पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**खनन पदाधिकारी ने काफी मात्रा में किया अवैध बालू जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सिसई थाना क्षेत्र में बीते 25 सितंबर को अवैध खनन के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान मौजा-पोड़हा, पाहनटोली, सिलाफारी और मुर्गु में कई स्थानों पर अवैध खनन और भूमि अतिक्रमण का खुलासा गुप्त सूचना के आधार पर किया गया। टीम बनी थी अंचल अधिकारी सिसई, पुलिस बल एवं जिला खनन पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक सिसई की। इनके द्वारा संयुक्त रूप से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर औचक छापेमारी की गयी। इस दौरान पोहड़ा पाहन टोली, रेडवा पंचायत स्थित कोयल नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन कर भंडार मिला। जिसमें तीन प्लॉटों पर कुल 3.47 एकड़ भूमि पर लगभग 55 लाख घनफीट अवैध बालू भंडारण पाया गया। जब मामले की तफ्तीश शुरू हुई तो दोषियों में स्थानीय व्यक्तियों के साथ-साथ कई ठेकेदारों के नाम भी सामने आ गये। इस अवैध खनन और अतिक्रमण में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात भी बतायी जा रही है।

**आखिर पांच दिनों तक मै मिडिया को क्यों रखा गया इस खबर से दूर :** जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां बालू माफियाओं में अवैध उत्खनन के प्रति एक खौफ व्यापम हुआ है। वही कई लोग यह प्रश्न उठाने से नहीं चूक रहे हैं कि 25 सितंबर को हुई इतनी बड़ी कार्रवाई के 5 दिनों के बाद जिला प्रशासन यानी जिला खनन पदाधिकारी ने इस बात के आधिकारिक तौर पर मीडिया के समक्ष रखा। आखिर इन पांच दिनों में जिला प्रशासन अवैध बालू माफियाओं और अवैध बालू तस्करी से संबंधित लोगों से क्या उगलवाना चाह रहा था? आखिर कौन सी ऐसी सेटिंग थी जिसके कारण इस खबर को मीडिया के सामने रखने में 5 दिन का इंतजार करना पड़ा? कुछ लोग तो यह भी कह रहे हैं कि बात नहीं बनी तो कारवाई को मिडिया के सामने रख दिया गया। वरना ऐसी भी स्थिति आ सकती थी की इस खबर को मीडिया के सामने रखने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## दो दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन



**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** अक्षत फारमर्स प्रोड्यूसर कंपनी विशुनपुर एवं इफको रांची के द्वारा दो दिवसीय किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र बिशुनपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय पांडे, डॉक्टर नीरज वैश्य एवं सुनील कुमार ने किसानों से वार्ता कर उन्हें बरसाती आलू में पोषक तत्व के प्रबंधन एवं झुलसा से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी। एक के प्रबंधक चंदन कुमार ने कहा कि आलू एक ऐसा फसल है जो 90 दिनों के अंदर तैयार हो जाता है। अभी अधिकांश किसान अपने आलू की खेती में निकाय बुयाई कर मिट्टी चढ़ा रहे हैं यदि आप बरसाती आलू जो अभी आपके खेतों में है उसे घनत्व युक्त एवं भरपूर उत्पादन लेने चाहते हैं। तो नैनो डीएपी नैनो यूरिया एवं सल्फेट ऑफ पोटाश का स्प्रे करें। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक लक्ष्मी नारायण साहू ने सभी किसानों से आग्रह किया कि आप सभी अपने कंपनी के सदस्य ग्रहण करें और कंपनी के अंत्योदय योजना की तरह काम करने के लिए कटिबंध है अंत्योदय मतलब हम बिशनपुर से हर एक गांव के किसानों तक पहुंचना। मौके पर सैकड़ो महिला पुरुष और किसान शामिल हुए।

## शिक्षकों को यू डायस को प्रशिक्षण दिया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में यू डायस पर प्रमोद टोप्पो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शिक्षकों को टीचर मॉड्यूल, स्कूल प्रोफाइल, स्टूडेंट मॉड्यूल, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति डाटा एंट्री, ई कल्याण सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, बच्चो का पंजीयन सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आधारभूत संरचना बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, फर्नीचर, भवन, लाइट की व्यवस्था चार्जिंग पॉइंट सहित सभी व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट जमा करने की बात कही। साथ ही स्कूल में बने सभी बूथ केंद्रो के मूलभूत सुविधा को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर शिक्षक सदय प्रताप जायसवाल, भगवान चंद्र दीक्षित, मनोज तिवारी, अजय कुमार प्रजापति, रोहित खेस, महावीर महतो सहित कई शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

# मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में 32 लोगों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** इमरजेंसी केयर और मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पतराटोली में स्थित मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर हॉस्पिटल के उपाधीक्षक डॉ शंभूनाथ चौधरी, समाज सेवी हाजी जबारूल, अस्पताल निदेशक अजय मधुर, सावित्री मधुर, डॉ विवेक मधुर, डॉ नेहा ज्योति मधुर, इमरजेंसी केयर के अध्यक्ष विक्रम चौहान, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, सचिव देशराज गोयल, एचआर हेड सजल कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, निखिल बर्मन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में शाम तक 32 लोगों ने रक्तदान किया । रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर एक-एक हेलमेट भी दिया गया। उपाधीक्षक शंभूनाथ चौधरी ने रक्तदान की आवश्यकता और इसके होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। इस रक्तदान शिविर में अध्यक्ष विक्रम चौहान ने रक्तदान को एक सूत्र में जोड़ने वाला कार्य बताया, जिसमें रक्तदाता जात पात, ऊंच नीच, भेदभाव से ऊपर उठ कर सेवा भाव से काम करते हैं, उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि रक्तदान के साथ साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी हमें आगे आने की जरूरत है, खून दे कर जीवन देना सबसे बड़ा नेकी का काम है। सचिव देशराज ने शहर के सभी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाने की अपील की। एच आर हेड सजल कुमार ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। रक्तदान जरूर करना चाहिए। डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी, डॉ विवेक मधुर और डॉ नेहा ज्योति ने लोहरदगा में इमरजेंसी केयर के कार्यों की सराहना कि और कहा उनका प्रयास होगा कि समय समय पर अपने हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाते रहें। हाजी जबारूल ने कहा कि संस्था के युवाओं का उत्साह दूसरे लोगों को भी रक्तदान को लेकर प्रेरणा देता है।



# एसडीओ ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण, दिये निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रशिक्षु आईएएस सह हुसैनाबाद एसडीओ कृष्णकांत कनवड़िया ने सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड की साफ-सफाई के साथ प्रसूति गृह, मरीजों के लिए उपलब्ध बेड के अलावा सहिया, एएनएम की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान भारत का लाभ के अलावा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लेते हुए कड़ी चेतावनी दी। कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए काफी सहयोगी है। सभी मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे सकते हैं। अस्पताल की साफ-सफाई के साथ ही एंबुलेंस सेवा के अलावा अनुमंडल में कार्यरत सभी एएनएम व सहिया को कार्य में तत्परता लाने का निर्देश दिया। कहा कि कार्य में कोताही करने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अस्पताल परिसर के सभी वार्ड सहित चिकित्सक व मरीज रूम का निरीक्षण कर उपस्थित सभी चिकित्सकों को कई निर्देश दिया। कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का परिधि काफी बड़ा है। जहां स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सभी का दायित्व बनता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार, मो शमीम, अनुमंडल सहायक अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## रेहला में शांति समिति की बैठक, शांति और सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील

# दुर्गापूजा में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध: संतोष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को रेहला थाना परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता पांडू अंचल के इंस्पेक्टर राम आशीष और संचालन प्रोफेसर नंदलाल शुक्ला ने किया। बैठक में लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा मनाने की अपील की गई। बैठक में पूजा समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के अलावा दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में आए लोगों से दुर्गा पूजा के लिए सरकार द्वारा जारी निर्देश के तहत पूजा आयोजन का निर्देश दिया गया।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित थाना प्रभारी व अन्य गणमान्य लोग।

थाना प्रभारी प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडाल में या शोभायात्रा में डीजे नहीं बजाने, शराब का सेवन नहीं करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने के अलावा पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र, बालू, लाइट की व्यवस्था को रखने का सहित महिला व पुरुष के लिए अलग -अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाने सहित अन्य कई जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान गहरे पानी में जाने से बचें, ताकि किसी तरह की अनहोनी नै हो। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय, बसपा नेता गोपाल राम, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, झामुमो नेता एनामुल हक, डांस बीपी शुक्ला, डांस डीपी शुक्ला, तौहीद खां, समाजसेवी मखीरन तिवारी, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी सिंह, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसओ विपिन दीक्षित, नप के सिटी मैनेजर सुभाष हेम्ब्रम, नवयुवक संघ डंडिला खुर्द के अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला आदि मौजूद थे।

# जनसंवाद कार्यक्रम में आये 20 मामले, हुआ निबटारा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम सोमवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में आयोजित की गयी। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना व ओपी प्रभारी के अलावा महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी मौजूद थे। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया। विभिन्न तरह के कुल 20 मामले रखे गए। इसमें तत्काल पांच मामलों का निष्पादन किया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की छोटी-छोटी समस्याओं-विवादों का निबटारा करना भी है। इससे उन्हें बेवजह परेशान नहीं होना पड़ेगा। भूमि के कुछ विवाद जानकारी के अभाव में चलते हैं, ऐसे मामलो में कमी आयेगी। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला एवं बाल संरक्षण थाना की प्रभारी पार्वती कुमारी, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, देवरी ओपी थाना प्रभारी बबलू कुमार और दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पार्टी के हित में होगा रघुवर सरकार के सुशासन की चर्चा: ज्योतिरीश्वर

- सत्ता में वापसी का मार्ग करेगा प्रशस्त, लिखा केंद्रीय व राज्य नेतृत्व को पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने रघुवर सरकार के सुशासन को भाजपा की पूंजी बताया हैं। राज्य में सत्ता वापसी के लिए रघुवर सरकार सुशासन की भी चर्चा चुनावी मंचों से हो तो इसका व्यापक लाभ पार्टी को मिल सकता हैं। इसे लेकर उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृह मंत्री, प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी को पत्र लिखा हैं। पत्र में मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज पार्टी में अनुभव संपन्न नेता हैं। बाबूलाल मंराडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा हैं। राज्य के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर बाबूलाल मंराडी जी के कार्यकाल में ही शांति स्थापना की दिशा में काम हुआ। वह जिस पलामू प्रमंडल से आते हैं, वहां उग्रवादी बंकर में रहते है।इसका उद्‌भेदन बाबूलाल मरांडी जी के कार्यकाल से ही शुरू हुआ। उन्होंने उस कार्य को आगे बढ़ाया। आज की तिथि में यह सब बताने के लिए हमलोगों के पास है। खासतौर पर रघुवर दास का



2014 से 2019 का कार्यकाल राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता हैं। राज्य गठन के बाद स्थिरता के साथ पांच वर्षो का कार्यकाल पूरा करने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। पूरे राज्य को नक्सल मुक्त बनाने से लेकर महिलाओं को स्वालंबी और समाज में प्रतिष्ठित करने के लिए एक रुपए में जमीन की रजीस्ट्री शुरू कराया।उनके शासन काल में एक आम आदमी भी सीएम तक सीधे मुख्यमंत्री जनसंवाद के माध्यम से अपनी बात पहुंचा सकता था। उन्होने कहा कि एक सामान्य कार्यकता के हैसियत से चुनावी अभियान के दौरान जो बाते नदारत दिखी उससे नेतृत्व को अवगत कराया हैं। क्योकि उनकी समक्ष हैं यह चर्चा भी भाजपा की सत्ता वापसी का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक साबित हों सकता हैं।

# तापमान में तीन डिग्री और वृद्धि हुई तो 90 फीसदी सुख जायेगा हिमालय : डॉ कौशल

- षष्ठी संस्कार में शामिल होकर पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत किया पौधरोपण, कहा- परिवार की बढ़ी संख्या को स्वस्थ रहने के लिए बढाना होगा वृक्षों की संख्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलाम्बर-पीताम्बरपुर ढेला रोड स्थित अधिवक्ता आकाशदीप पांडेय की पुत्री की षष्ठी संस्कार में शामिल होकर विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर बच्चे की दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। डॉ कौशल ने नवजात कन्या को पर्यावरण धर्म के तहत उपहार स्वरूप पौधा भी दान किया। उन्होंने सर्वे रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर देश का औसतन तापमान 3 डिग्री सेल्सियस और बढ़ गया तो



90 फीसदी हिमालय सूख जाएगा। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन होंगे जिसके दुष्प्रभाव से नदियां खत्म हो जाएंगी। फसलें खराब हो जाएंगी। इंसान भूखा मरने लगेगा। जंगल खत्म हो जाएंगे जिस कारण लोगों को बेमौसम बारिश और बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक नए रिसर्च में यह डराने वाला सच सामने आया है। इसके आंकड़े क्लाइमेटिक चेंज जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। इसका सबसे बुरा असर भारत के हिमालयी इलाकों पर पड़ेगा। पीने और सिंचाई के लिए पानी की किल्लत होगी। रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 80 फीसदी भारतीय हीट स्ट्रेस का सामना कर रहे हैं। अगर इसे रोकना है तो पेरिस एग्रीमेंट के तहत तापमान को डेढ़ डिग्री सेल्सियस पर रोकना होगा। अगर यह 3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया तो हालात और बदतर हो जाएंगे। यह स्टडी इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट आंग्लिया (वएअ) के शोधकताओं के नेतृत्व में की गई है। उन्होंने कहा कि इसका एक ही विकल्प है।लोग अपना धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म को अपने दिनचर्या में शामिल करें।इस मौके पर पुत्री की मां स्नेहा पांडेय, दादी मधु पांडेय, दादा विनोद पांडेय, चाचा अमनदीप पांडेय, पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, मुनी तिवारी आदि उपस्थित थे।

# डीसी व एसएसपी ने किया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में शामिल होने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची से हेलिकॉप्टर से बलियापुर स्थित हवाई पट्टी पहुंचे। जहां डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इसके बाद सीएम का कारकेड सभा स्थल की ओर रवाना हुआ।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2023 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 336575 Lohardaga (24-25)D (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना, ई–टेण्टर रेफ्रेंस नं॰ : प॰नि॰वि॰ / लोहरदगा–621 / 2024–25) में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 6. | वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 07.10.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे तक। |
| 7. | वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि | 08.10.2024 को अपराह्न 12:30 बजे। |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा।
PR 337619 (Lohardaga) 24-25 (D)



कार्यालयः- कार्यपालक अभियंता एन०आर०ई०पी०, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 12/2024-25/EE/NREP/LATEHAR — दिनांक : 30.09.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/LATEHAR/ 16/2024-25 | Construction of New Boundary Wall and Extension Of Old Boundary Wall 1.00 m height in KGVV CM School of Excellence Latehar Block- Latehar, Dist- Latehar | 39,90,084.00 | उनचालीस लाख नब्बे हजार चौरासी | 03 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16.10.2024. अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार
PR 337666 Rural Development (24-25)_D


# मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 71 लोगों को दिया गया माफी प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ऊर्जा योजना के तहत सोमवार को हरिहरगंज विद्युत विभाग कार्यालय में 71 उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र दिया गया। एक तरफ बिजली बिल माफ होने से कई उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली तो दूसरी ओर बिल माफ नहीं होने से कई करीब तबके के उपभोक्ताओं में मायूसी देखी गई। इस संबंध में विभाग के बिजली



कर्मी पूजा सिंह ने बताया कि वैसे घरेलू उपभोक्ता जो प्रतिमाह 200 यूनिट और साल में 2400 यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। जिसमें सोमवार को 71 उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र दी गई। मौके कमलेश कुमार, नितेश कुमार, अगस्त पासवान, विरेंद्र पासवान आदि कर्मी उपस्थित थे।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 33 /2024-25 Date:-28-09-2024

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Aanganbadi Kendra, Devkuli Madhay, Block:- Ichak, District-Hazaribagh.(20360060418) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 01-10-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 07-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in


Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,Building Division, Hazaribag
PR 337686 (Building)24-25*D


# दो दिनों में अतिक्रमण हटा लेने की सीओ ने दुकानदारों को दी हिदायत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को हरिहरगंज शहर में भ्रमण कर अंचल अधिकारी मनीष कुमार सिन्हा और कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान अंसारी ने अतिक्रमणकारियों को दो दिनों के भीतर दुकानें हटाने की हिदायत दी। इस दौरान वैसे सभी दुकानदारों को जिन्होंने आवागमन के रास्तों, चौक-चौराहों पर दुकानें सजाकर अतिक्रमण कर रखा है उन्हें दो दिनों के अंदर दुकानें हटा लेने को कहा गया है। साात ही चेतावनी दी कि रास्तों और चौक-चौराहों से दुकानें नहीं हटाई गई तो वैसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक रामपद प्रजापति, जेई नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## करैला स्नोतर उच्च विद्यालय में दूर-दूर से आते हैं विद्यार्थी



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** करैला स्नोतर उच्च विद्यालय में पठन-पाठन के साथ ही मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन दिए जाने से बच्चे संतुष्ट नजर आए। पूछे जाने पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कहा कि विद्यालय समय पर संचालित होता है और सभी शिक्षक बारी-बारी से सभी विषयों की पढ़ाई कराते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक रामशरण कुमार ने बताया कि विद्यालय के विकास फंड की राशि को शत प्रतिशत विद्यालय के विकास में खर्च किया जाता है। हाल ही में दूसरे अखबार में विद्यालय के त्रुटि पूर्ण खबर दिखाया गया जिसकी तहकीकात करने जब पत्रकार की टोली पहुंची तो ठीक उसका उल्टा पाया गया। विद्यालय में मध्याह्न भोजन बच्चों की उपस्थिति के अलावे शौचालय की साफ-सफाई देखी गई। कहा कि बच्चे पढ़ने आते हैं और उनकों हम लोग पढ़ाते हैं, ना कि प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोई भी पदाधिकारी, आम नागरिक, अभिभावक कभी भी विद्यालय आकर सत्यता की जांच पड़ताल कर सकते हैं।

# महिलाओं ने अबुआ आवास में अनियमितता का लगाया आरोप

## एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर की शिकायत

पोलडीह पंचायत की हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पोलडीह पंचायत के कई गांव की महिलाओं ने एसडीओ को अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर ज्ञापन सौंप कर शिकायत की है। मांडर गांव की कविता देवी ने कहा कि आमसभा के माध्यम से मेरा अबुआ आवास योजना के लिए चयन किया गया था। जिसका जिओ टैग नंबर 79 व आईडी नम्बर 1465467 है। जबकि हमसे नीचे जिनका जिओ टैग हुआ है, उसको आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है और हमें वंचित कर दिया गया है। इसी तरह के दर्जनों अन्य महिलाओं ने भी आवेदन



एसडीओ को शिकायत पत्र सौंपती महिलाएं।

देकर शिकायत की है। जिसमें पंचायत सेवक द्वारा मनमानी तरीके से आवास देने का आरोप लगाया गया है। आवेदन देने वालों में मांडर, मरहा, भेटोलिया, अलीनगर, निमहत, पोलडीह आदि गांवों से कविता देवी, शिवकुमारी देवी, अनिता देवी, गायत्री देवी, आरती देवी, सुचिता कुमारी, अनिता देवी,दुर्गावती देवी, कौशल्या, सरिता देवी, उर्मिला देवी का नाम शामिल है।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई॰ निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/02/2024-25 Gr- 04 (3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं॰ | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू॰ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰ में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | सिमडेगा जिला के बानो प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत रायकेरा, ग्राम–रायकेरा में बैसोर से रेलकुण्डी जाने वाले पथ में रेलकुण्डी नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 259.52800 | 520000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 3:00बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं॰ – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा
PR 337591 Simdega (24-25)_D

# पुरखों की धरोहर-विरासतों को सहेजना सीखें: डॉ लंबोदर

## झारखंडियों की ताकत उनकी संस्कृति है : यशोदा



**फुटबॉल टूर्नामेंट के अवसर पर में झूमर नृत्य का आयोजन, 100 टीमों ने लिए भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**उपरघाट।** झारखंड की कला-संस्कृति को जीवित रखने के उद्देश्य से टिकैत कुमार महतो तीन दिवसीय फुटबॉल के फाइनल व अवसर पर ऊपरघाट स्थित गोनियाटो के गौसाई टोंगरी में वृहद झूमर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, आजसू के डुमरी विस प्रभारी यशोदा देवी, जिप सदस्या खुशबू महतो व मुखिया अमृता मंराडी ने संयुक्त रूप से किया। झुमर नृत्य में बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद व रामगढ़ के विभिन्न गांवों के 100 टोली शामिल हुए। झूमर गीत की बोल व ढोल-मांदर की ताल पर गौसाई टोंगरी रातभर सरोवर रहीं। वहीं, विधायक, आजसू नेत्री, जिप सदस्या व मुखिया भी घंटों मादर की थाप पर थिरकती रहीं। इसके अलावे बेटी बचाओ-बेटी पढाव, तिलक-दहेज व अत्याचार की प्रस्तुति पर उपस्थित ग्रामीणों ने खूब सराहा। लुप्त हो रही झूमर नृत्य में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि झूमर नृत्य झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा का परिचायक है। हम सभी का दायित्व है कि झूमर के रूप में झारखंड और हमारे पुरखों की इस अनमोल धरोहर एवं विरासत को सहेजने के प्रति सजग रहें। झुमर हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसके लिए क्षेत्र में झुमर का आयोजन एक अंतराल में होना चाहिए। गोनियाटो के ग्रामीण व टिकैत इसके लिए धन्यवाद के पात्र है, जो पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहां पर भव्य झुमर नृत्य का आयोजन किया गया। यशोदा देवी व खुशबू महतो ने कहा कि झारखंडियों की ताकत उनकी संस्कृति है। आदिवासियों की खासियत है अभाव में खुश रहना। झूमर नृत्य में हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीण आदिवासी इसके गवाह हैं। कहा कि हमें अपनी परंपरा, संस्कृति और सभ्यता को बचाकर रखना है और अपने बच्चों को भी आने वाले समय के लिए तैयार करना है। अमृता मंराडी ने कहा कि गीत और नृत्य में वही संबंध है जो पवन और मेघ में है। झूमर गीत और नृत्य की अति प्राचीन लोक शैली है। मादर इसका एक वाद्य यंत्र है। इस दौरान झुमर टीमों द्वारा शिव-पार्वती, राम-लक्ष्मण व दुर्गा मां तथा भारत माता की आर्कषक झांकी निकाली गयी। बच्चियों ने भी झुमर नृत्य प्रस्तुत किया गया। उधर, भाग लिए 100 टोलियों को पुरस्कार स्वरूप एक-एक बकरा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामचंद्र कुमार अंजाना, उमेश उजागर, कमल प्रसाद, महतो, संजय गिरी, किशोर महतो, भुवनेश्वर कुमार उर्फ भुवनेश, तुलसी प्रसाद, भैरव महतो, सीताराम मांझी, रामकुमार मंराडी, जितेंद्र महतो, महेंद्र महतो, मनोज कुमार महतो, केदार महतो, दिनेश कुमार महतो, शैलेश कुमार और तुलसी महतो आदि उपस्थित थे।

# कोयला श्रमिकों की समस्याओं को लेकर विशाल प्रदर्शन

धनबाद(आजाद सिपाही)। भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया के मजदूर विरोधी नितियों के विरोध में सोमवार को बीसीसीएल के कोलियरी एवं क्षेत्रों में चरणवद्ध आंदोलन करते हुए धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के वैनर तले प्रदर्शनकारियों ने तीसरे चरण में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय कोयला भवन धनबाद के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुरारी तॉती एवं संचालन महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया। इस असर पर विधा1यक राज सिन्हा भी अतिथि हुए। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीसीसीएल के महाप्रबंधक प्रशासन को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल, अध्यक्ष कोल इंडिया, कोयला सचिव भारत सरकार, महानिदेशक डीजीएमएस एवं आयुक्त कोयला खान भविष्यनिधि के नाम 24 सूत्री ज्ञापन प्रेषित की गई। संगठन के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने कहा कि आज का यह आंदोलन उद्योग एवं श्रमिक समस्याओं को लेकर है, क्योंकि वर्तमान सरकार देश के कोयला मजदूरों के अस्तित्व को समाप्त कर देना चाह रही है। पर भारतीय मजदूर संघ ऐसा नहीं होने देगा। मजदूर हित में आवश्यकता पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए भामसंघ पूरी तरह तैयार है, ताकि कोयला मजदूरों का भला हो सके। संगठन के अध्यक्ष मुरारी तांती ने कहा कि साल 1973 के पहले बीसीसीएल के श्रमिकों की जो स्थिति थी, वही स्थिति केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया द्वारा लाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार व कोल इंडिया श्रमिक विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेगी तो बीएमएस आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन को अयोध्या मिश्रा, प्रेमशंकर मंडल, माधव सिंह, सुशील सिंह, ओम कुमार सिंह, रमेश चौबे आदि ने संबोधित किया।

## 20 मई 2014 को मामूली विवाद के बाद फरसा के वार करने से हुई थी मौत

# हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने हत्या के आरोप में इस्लाम अंसारी, समसुद मियां और शकूर मियां को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि गोमिया थाना क्षेत्र के लोधी निवासी मो ऐनुल अंसारी ने 20 मई 2014 को गोमिया सामुदायिक अस्पताल में थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि वह पंचायत समिति सदस्य है। उसके भतीजा शम्मीउलाह को गांव के ही वाहिद अंसारी ने अपने घर के पास पकड़ कर मारपीट की है। उसने इसकी



मृतक शमशेर अंसाली की फाइल फोटो।

जानकारी घर पर दी। तब सूचक उसे साथ लेकर मो इस्लाम अंसारी से उसके साले वाहिद अंसारी द्वारा भतीजा शम्मीउलाह के साथ मार पीट किये जाने की शिकायत करने पहुंचा था। पर इस्लाम अंसारी ने गाली गलौज कर घर से रॉड निकाल कर सूचक के साथ आए भतीजा शमशेर अंसारी को मार दिया। इस पर झगड़ा बढ़ गया और समसुद मियां, शकूर मियां और उनके साथ अन्य लोग भी शामिल होकर लाठी, फरसा, लोहे के रॉड और चाकू आदि से लेकर पहुंचे और वाहिद अंसारी ने फरसा से शमशेर अंसारी के सिर पर वार कर दिया। सिसे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। जब भतीजा हबीबुल्लाह बचाने आगे आया तो सभी ने मिलकर सूचक एवं अन्य के साथ भी मारपीट की। इस हादसे में शमशेर अंसारी की मौत हो गयी और हबीबुल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त बयान के आधार पर थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने हत्या के मामले मे इस्लाम अंसारी, समसुद मियां और शकूर मियां को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू के साथ सूचक के अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा ने बहस किया।

# बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विदाई

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट से सितंबर '2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरिमोहन झा के साथ अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा। (भू-अर्जन शाखा)
## प्रपत्र VII
## झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0 .................................. दिनांक ..................................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोबांग, थाना नं0–29, थाना–पाकरटांड़, अंचल–पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – बीरु (एन0एच0 143 पर) तामड़ा सिकरियाटांड़ रामरेखा (कोचेडेगा–रामरेखाधाम पथ पर) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोशित किया जाता है कि ग्राम – कोबांग, थाना नं0– 29, थाना – पाकरटांड़, अंचल – पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **7.409** एकड़ यानि **2.99831** हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या: उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष: किस्म | संख्या | संरचनाएँ: प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | |
| 1 | 16 | 2451 | रैयती | टांड़ | 0.283 | सुदर्शन सिंह वल्द हरी सिंह | 2452 | सिमानां सिकरीयाटांड़ | अंश | 2453 | | | | |
| 2 | 16 | 2452 | रैयती | टांड़ | 0.065 | सुदर्शन सिंह वल्द हरी सिंह | अंश | रास्ता | 2453 | अंश | सखुआ–1 सागवान –1 | 2 | | |
| 3 | 255 | 2450 | गै0म0 | रास्ता | 0.290 | गैरमजरूआ आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 4 | 219 | 2449 | रैयती | टांड़ | 0.027 | मारकुस केरकेट्टा वल्द स्व0 पतरस केरकेट्टा | रास्ता | अंश | अंश | 2444 | | | | |
| 5 | 219 | 2449 | रैयती | टांड़ | 0.027 | भुखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वगैरह | रास्ता | अंश | अंश | 2444 | आम–1, महुआ–1,जामुन–1 | 3 | | |
| 6 | 229 | 2444 | रैयती | टांड़ | 0.300 | भुखन चीक वगै0 वल्द मंगल चीक | 2450 | अंश | 2449 | 2439 | | | | |
| 7 | 9 | 2453 | रैयती | टांड़ | 0.094 | फिरु अहिर वो बुधु अहिर पे0 विसु अहिर | अंश | 2450 | 2451 | 2454 | सखुआ–1 | 1 | | |
| 8 | 5 | 2455 | रैयती | टांड़ | 0.047 | पुटला सिंह वो कतिका सिंह वो चैतु सिंह पे0 टिरकु सिंह | अंश | 2441 | 2450 | 2456 | | | | |
| 9 | 38 | 2436 | गै0म0 | टांड़ | 0.063 | गैरमजरूआ मालिक | 2450 | अंश | 2444 | 2442 | | | | |
| 10 | 38 | 2440 | गै0म0 | टांड़ | 0.004 | गैरमजरूआ मालिक | 2363 | अंश | 2363 | 2436 | आम–1 | 1 | | |
| 11 | 235 | 2441 | रैयती | दोन | 0.042 | लंगडु जोहन खड़िया वल्द पिठयार खड़िया | 2363 | 2442 | 2455 | 2441 | | | | |
| 12 | 23 | 2442 | रैयती | | 0.007 | लंगडु जोहन खड़िया वल्द पिठयार खड़िया | 2441 | 2436 | 2436 | 2441 | | | | |
| 13 | 24 | 2454 | रैयती | टांड़ | 0.01 | मंजनु रौतिया वल्द दुखिया रौतिया | अंश | 2450 | 2453 | अंश | | | | |
| 14 | 38 | 2456 | गै0म0 | दोन | 0.085 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | 2363 | 2455 | 2243 | | | | |
| 15 | 151 | 2439 | रैयती | टांड़ | 0.081 | कलिन्द्र सिंह वो चैतु सिंह पे0 हुकुम सिंह | 2363 | अंश | 2440 | अंश | | | | |
| 16 | 16 | 2243 | रैयती | टांड़ | 0.045 | बुटीया सिंह वल्द बहादुर सिंह | अंश | 2363 | 2363 | 2246 | सागवान–1, महुआ–1 | 2 | | |
| 17 | 36 | 2246 | रैयती | टांड़ | 0.071 | परसुराम सिंह पिता भानुप्रताप सिंह | अंश | 2363 | 2243 | 2247 | | | | |
| 18 | 255 | 2324 | गै0म0 | रास्ता | 0.01 | गै0म0 आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 19 | 205 | 2361 | रैयती | दोन | 0.011 | घमडु साहु वगैरह | अंश | 2360 | 2362 | 2360 | | | | |
| 20 | 255 | 2363 | गै0म0 | रास्ता | 0.888 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | जामुन–1 | 1 | | |
| 21 | 14 | 2247 | रैयती | टांड़ | 0.217 | सामुएल खड़िया वल्द स्व0 सीमोन खड़िया वो हेलेरिया वल्द लेपा खड़िया | अंश | 2363 | 2246 | 2274 | बकम पेड़–1 | 1 | | |
| 22 | 229 | 2274 | रैयती | टांड़ | 0.196 | भुखन चीक वगै0 वल्द मंगल चीक | अंश | 2247 | अंश | 2380 | | | | |
| 23 | 219 | 2380 | रैयती | टांड़ | 0.001 | रामेश्वर साहु पिता साधो साहु | 2363 | अंश | 2363 | 2379 | | | | |
| 24 | 254 | 2379 | गै0म0 | परती पत्थल | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | 2363 | अंश | 2363 | 2378 | | | | |
| 25 | 209 | 2378 | रैयती | टांड़ | 0.136 | फिलीप कुल्लु वल्द पतरस कुल्लु | 2363 | अंश | 2379 | 2377 | सेमर–1, केउन्द–1, सागवान–1, बकम–1 | 4 | | |
| 26 | 205 | 2362 | रैयती | दोन | 0.050 | घमडु साहु वगैरह | अंश | 2363 | 2363 | 2360 | | | | |
| 27 | 250 | 2377 | रैयती | टांड़ | 0.045 | सोमरा खड़िया वल्द विरसा खड़िया | 2363 | अंश | 2378 | 2364 | | | | |
| 28 | 241 | 2357 | रैयती | टांड़ | 0.023 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | अंश | 1333 | 2358 | 2326 | | | | |
| 29 | 241 | 2326 | रैयती | टांड़ | 0.043 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | अंश | 1333 | 2357 | 2325 | आम–2 | 2 | | |
| 30 | 236 | 2325 | रैयती | टांड़ | 0.033 | एतो अहीर वो बीतो अहीर पेशरान मंगरा अहीर | अंश | 1333 | 2326 | 2324 | गम्हार–2, तेतर–1, मुनगा–4, बैर–1 | 8 | | |
| 31 | 255 | 1334 | गै0म0 | रास्ता | 0.404 | गै0म0आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 32 | 215 | 1355 | रैयती | टांड़ | 0.009 | मो0 देवमती जौजे गैरन दास वो गुलाब दास वल्द गौतम दास | अंश | 1354 | 1334 | अंश | गम्हार–1 | 1 | खपड़ैल मकान | |
| 33 | 209 | 1354 | रैयती | टांड़ | 0.041 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1334 | अंश | इमली–2, कटहल–1, आम–1, करंज–1 | 5 | गोशाला कच्चा, | |
| 34 | 219 | 1353 | रैयती | टांड़ | 0.017 | भुखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वगैरह | 1334 | अंश | 1334 | 1351 | | | | |
| 35 | 209 | 1351 | रैयती | टांड़ दो | 0.237 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | 1334 | अंश | 1353 | 1347 | | | | |
| 36 | 209 | 1351 | रैयती | टांड़ दो | | जगमोहन गोप वल्द जयमंगल गोप | 1334 | अंश | 1353 | 1347 | गम्हार–1, बांस झुण्ड | 1 | | |
| 37 | 205 | 2360 | रैयती | दोन | 0.126 | घमडु साहु वगैरह | अंश | 2365 | 2362 | 2359 | | | | |
| 38 | 205 | 2364 | रैयती | दोन | 0.043 | घमडु साहु वगैरह | 2362 | अंश | 2363 | अंश | | | | |
| 39 | 219 | 2368 | रैयती | दोन | 0.023 | भुखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वगैरह | 2365 | अंश | 2364 | 2367 | सेमर–1, | 1 | | |
| 40 | 205 | 2359 | रैयती | दोन | 0.019 | घमडु साहु वगैरह | अंश | 2365 | 2360 | 2365 | | | | |
| 41 | 250 | 2358 | रैयती | टांड़ | 0.037 | सोमरा खड़िया वल्द विरसा खड़िया | अंश | 2365 | 2358 | 1333 | | | | |
| 42 | 255 | 2365 | गै0म0 | रास्ता | 0.222 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 43 | 219 | 2367 | रैयती | टांड़ | 0.003 | धनेश कुमार साहु वल्द कलिन्द्र साहु | 2365 | अंश | 2368 | 2366 | | | | |
| 44 | 254 | 2366 | गै0म0 | टांड़ दो | 0.065 | गैरमजरूआ मालिक | 2365 | अंश | 2365 | 1333 | | | | |
| 45 | 241 | 1333 | रैयती | टांड़ एक | 0.133 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | 2325 | अंश | 2358 | 1334 | गम्हार–2, | | अमृत सिंह का कच्चा मकान, | |
| 46 | 209 | 1366 | रैयती | टांड़ | 0.002 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1354 | 1367 | | | जगमोहन गोप का कच्चा मकान | |
| 47 | 209 | 1367 | रैयती | टांड़ | 0.004 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1366 | 1368 | बांस झुन्ड | | झूलन गोप का कच्चा मकान | |
| 48 | 209 | 1368 | रैयती | टांड़ | 0.055 | मुठु अहिर वल्द करीया अहिर वो दिगम्बर साहु वो मनिजर साहू पे0– जगर साहु वगैरह | अंश | 1334 | 1367 | 1369 | कटहल–1 महुआ–1, डहु–1 | 3 | | |
| 49 | 213 | 1347 | रैयती | टांड़ | 0.042 | मारटीन खड़िया वल्द कोंदा खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1351 | 1346 | | | | |
| 50 | 213 | 1346 | रैयती | टांड़ | 0.052 | मारटीन खड़िया वल्द कोंदा खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1347 | 1342 | | | | |
| 51 | 234 | 1369 | रैयती | टांड़ | 0.018 | भुखराम वो देवनारायण सिंह पे0 रामसरण सिंह | अंश | 1334 | 1368 | अंश | | | | |
| 52 | 234 | 1369 | | | 0.00 | कोमल टेटे | | | | | | | एस्बेस्टस शेड | |
| 53 | 213 | 1342 | रैयती | टांड़ | 0.052 | मारटीन खड़िया वल्द कोंदा खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1346 | 1344 | डहु–2, सेमर–1 | 3 | | |
| 54 | 213 | 1344 | रैयती | टांड़ | 0.206 | मारटीन खड़िया वल्द कोंदा खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1342 | 1343 | सेमर –1 | 1 | | |
| 55 | 221 | 1070 | रैयती | टांड़ | 0.038 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1080 | 1069 | | | | |
| 56 | 229 | 1069 | रैयती | टांड़ | 0.048 | भुखन चीक वगैरह | अंश | अंश | 1070 | 1067 | सेमर–1, बरगद–1, सागवान–1 | 3 | | |
| 57 | 221 | 1068 | रैयती | टांड़ | 0.028 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1067 | 1065 | | | | |
| 58 | 229 | 1067 | रैयती | टांड़ | 0.062 | भुखन चीक वगैरह | अंश | अंश | 1069 | 1068 | जामुन–1 | 1 | | |
| 59 | 243 | 962 | रैयती | दोन | 0.017 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 861 | 1064 | 979 | जामुन–2, पोकरी–1 | 3 | | |
| 60 | 243 | 961 | रैयती | दोन | 0.057 | जेम्स खड़िया वगैरह | 962 | अंश | 1064 | 960 | पलाश–1 | 1 | | |
| 61 | 243 | 1064 | रैयती | दोन | 0.072 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1065 | 861 | जामुन–1 | 1 | | |
| 62 | 244 | 960 | रैयती | दोन दो | 0.060 | लहरू खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 961 | 967 | | | | |
| 63 | 243 | 1063 | रैयती | दोन | 0.067 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 1064 | 1064 | 1064 | जामुन–1 | 1 | | |
| 64 | 243 | 967 | रैयती | दोन | 0.02 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | 960 | 960 | 967 | | | | |
| 65 | 243 | 966 | रैयती | दोन | 0.052 | जेम्स खड़िया वगैरह | 1084 | 979 | 965 | अंश | | | | |
| 66 | 255 | 979 | गै0म0 | रास्ता | 0.338 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 67 | 243 | 978 | रैयती | दोन | 0.009 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 979 | 967 | | | | |
| 68 | 243 | 977 | रैयती | दोन | 0.053 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 978 | अंश | | | | |
| 69 | 243 | 933 | रैयती | दोन | 0.151 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 935 | 931 | सीमांना पाकरटांड़ | | | | |
| 70 | 243 | 935 | रैयती | दोन | 0.042 | जेम्स खड़िया वगैरह | 933 | अंश | 931 | सीमांना पाकरटांड़ | जामुन–1 | 1 | | |
| 71 | 244 | 931 | रैयती | दोन | 0.045 | लहरू खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 935 | 999 | | | | |
| 72 | 254 | 999 | गै0म0 | दोन | 0.037 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | अंश | 974 | 931 | आम–1 जामुन–1 | 2 | | |
| 73 | 243 | 974 | रैयती | टांड़ | 0.035 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 975 | 999 | | | | |
| 74 | 243 | 998 | रैयती | दोन | 0.034 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 996 | 999 | | | | |
| 75 | 221 | 1370 | रैयती | टांड़ | 0.06 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | 1334 | 1334 | अंश | महुआ–2 | 2 | | |
| 76 | 232 | 1417 | रैयती | टांड़ | 0.017 | परदेशिया चीक वगैरह | अंश | 1081 | 1343 | 1081 | सिरिस–1 | 1 | | |
| 77 | 234 | 1081 | रैयती | टांड़ | 0.16 | रामकिसुन साव पिता गुलाबचन्द साव | अंश | 1082 | 1343 | 1080 | | | | |
| 78 | 234 | 1082 | रैयती | टांड़ | 0.025 | रामकिसुन साव पिता गुलाबचन्द साव | 1081 | अंश | 1081 | 1081 | | | | |
| 79 | 254 | 1065 | गै0म0 | नदी | 0.054 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | 1065 | 1068 | 1064 | | | | |
| 80 | 254 | 1061 | गै0म0 | टांड़ | 0.001 | गैरमजरूआ मालिक | 1063 | 1064 | अंश | 1063 | | | | |
| 81 | 221 | 1080 | रैयती | टांड़ | 0.100 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1081 | 1070 | | | | |
| 82 | 243 | 996 | रैयती | टांड़ | 0.065 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 995 | 998 | | | | |
| 83 | 243 | 995 | रैयती | टांड़ | 0.084 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 979 | 996 | | | | |
| 84 | 243 | 975 | रैयती | दोन | 0.112 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 979 | 974 | जमुन –1 कटहल–1 बरगद–1 | 3 | | |
| 85 | 243 | 985 | रैयती | टांड़ | 0.061 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 984 | 965 | | | | |
| 86 | 244 | 965 | रैयती | दोन | 0.012 | लहरू खड़िया वगैरह | अंश | 979 | अंश | 966 | | | | |
| 87 | 243 | 1040 | रैयती | दोन | 0.031 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 966 | 980 | | | | |
| 88 | 243 | 980 | रैयती | टांड़ | 0.128 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1040 | 979 | | | | |
| 89 | 213 | 1343 | रैयती | टांड़ | 0.103 | मारटीन खड़िया वल्द कोंदा खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1344 | 1081 | छतियान –1 | 1 | | |
| 90 | 243 | 984 | रैयती | टांड़ | 0.112 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 980 | 985 | जामुन एक | 1 | | |
| | कुल | | | | 7.409 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15 (1) में प्रदत यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा। अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा। उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.337443 Simdega(24-25):D


# राजद के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिले के जमुआ स्थित अंबेडकर मैदान में दो अक्टूबर आयोजित होने वाले राजद विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी में नेता-कार्यकर्ता जोरशोर से जुटे हुए हैं। सोमवार को डाक बंगला में संवाददाता सम्मेलन कर प्रखंड सचिव ललन यादव ने कहा कि राजद ही भाजपा को उखाड़ के फेंक सकता है। कहा कि जमुआ राजद का गढ़ रहा है। यहां राजद के कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है। युवा भी बड़ी संख्या में राजद से जुड़ रहे हैं। प्रदेश सचिव इनामुल हक ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व मंत्री संजय सिंह यादव, सुरेश पासवान, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे। मौके पर विनोद हजरा व दामोदर यादव आदि मौजूद थे।

# विस्थापितों ने विभिन्न मांगों को लेकर परिचालन किया ठप

निरसा (आजाद सिपाही)। विस्थापितों को नियोजन सहित विभिन्न मांगों को लेकर झामुमो नेता अर्णव सरकार के नेतृत्व में विस्थापितों ने इसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत चापापुर टू ओसीपी पहुंचकर कामकाज एवं परिचालन ठप कर दिया। अर्णव सरकार ने कहा कि कंपनी विस्थापितों से छल कर रही है। पैसा लेकर बाहरी लोगों को कार्य पर लगाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी को 75 फीसदी स्थानीय विस्थापितों एवं लोगों को नियोजन देना होगा। जब तक ऐसा नहीं होता तब तक कामकाज ठप रहेगा। वहीं, कंपनी के लिए दलाली करने वाले नेता अपनी हरकतों से बाज आयें।

# विधायक पूर्णिमा सिंह ने मुख्यमंत्री से साथ की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को धनबाद का दौरा किया। जिसाक मुख्य उद्देश्य विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा और क्षेत्र में चुनावी रणनीति को मजबूत करना था। मुख्यमंत्री के साथ झरिया विधायक एवं झारखंड विधानसभा की सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह भी मौजूद रहीं। बलियापुर हवाई पट्टी पर आयोजित 'जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन तथा परिवहन भत्ता वितरण' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। जिसका पूर्णिमा नीरज सिंह ने सराहना की। कहा कि सरकार के इस कदम से युवाओं के सशक्तिकरण के साथ ही राज्य के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की और क्षेत्र में चुनावी तैयारियों को गति देने के लिए अहम भूमिका निभाई। माना जा रहा है कि पुर्णिमा नीरज सिंह की सक्रिय भागीदारी और क्षेत्र में उनके जनसंपर्क से पार्टी की चुनावी रणनीति को और बल मिलेगा।

# लोगों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा है प्रतिबद्ध : न्यायाधीश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को चलंत लोक अदालत पुटकी स्थित पंचायत सचिवालय समसिकरा पहुंचा। इस अवसर पर दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया। एलएडीसीएस के सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर न्यायाधीश रोशन ने बताया कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है।

## राजभाषा पखवाड़ा का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

# हिंदी संप्रेषण का सशक्त माध्यम है: जुगल बोरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में 28 सितंबर, 24 को राजभाषा पखवाड़ा, 2024 का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तक/संचालन) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक (वित्त) और अक्षय श्रीकांत बापट, निदेशक (तक/परि और यो) एमसीएल, जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित हुए। मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में बोरा ने कहा कि हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो भारत के कोने-कोने में बोली जाती है। चाहे वह सुदूर अरुणाचल प्रदेश का एक गांव हो, हिन्दी ही दो भिन्न भाषा बोलने वाले जन समाज के सम्प्रेषण की माध्यम है। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी, हिन्दी भारतीयता की पहचान है और विदेशी भूमि में हिन्दी में अपनी बात रखकर जो अपनत्व की अनुभूति होती है, वह अतुलनीय है। उन्होंने राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त कार्मिकों को शुभकामनाएं प्रदान की। शिशिर कुमार गयासेन, महाप्रबंधक (उत्खनन/राजभाषा) ने वहां उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विगत कई वर्षों में सर्वाधिक प्रतिभागिता इस वर्ष हुई है, इससे साबित होता है कि लोगों में हिंदी के प्रति लगाव बढ़ा है। कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, स्कूली बच्चों और गृहिणियों को प्रमाण-पत्र, एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार, 2023-24 के लिए चयनित क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय के विभागों को अध्यक्ष महोदय तथा निदेशकगण द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। इसी दौरान वर्ष भर में मूल रूप से हिन्दी में पत्राचार में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के अवसर पर नयी दिल्ली से आगत सुविख्यात कविगण पद्मश्री डॉ सुनील जोगी, डॉ प्रवीण शुक्ल, राजेश अग्रवाल, डॉ कीर्ति काले तथा डॉ प्रतीक गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसकी दर्शक दीर्घा ने भूरी भूरी सराहना की और पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## एमसीएल ने 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा किया पार

**संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष की तुलना में यह कीर्तिमान 18 दिवस पूर्व ही 13% की प्रभावशाली वृद्धि के साथ हासिल किया है। उदय अनंत का ओले,अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ने एमसीएल टीम के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 100 मिलियन टन उत्पादन का आंकड़ा पार करना हमारी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह उपलब्धि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।**

## सोआ स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट को 'पर्यटन गौरव सम्मान' से सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) को 'पर्यटन गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर ओडिशा राज्य पर्यटन संघ ने पिछले शुक्रवार को जयदेव भवन भुवनेश्वर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एसएचएम को यह सम्मान दिया है। एसएचएम के डीन प्रोफेसर सुशांत रंजन चइनि ने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से पुरस्कार प्राप्त किया, जो समारोह में मुख्य अतिथि थे, जबकि एसएचएम को पर्यटन उद्योग में उत्कृष्टता, विकास और आतिथ्य क्षेत्र में अथक कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में ओड़िशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढी, उपमुख्यमंत्री प्रभाती परीडा, भुवनेश्वर के विधायक बाबू सिंह, ओड़िशा राज्य पर्यटक गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष सनत कुमार मिश्र और संवाद के संस्थापक सौम्यरंजन पटनायक उपस्थित थे।

## सोआ ने कोलकाता में एलीशिप++ कॉनक्लेव का आयोजन किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कॉर्पोरेट और बिजनेस जगत की प्रमुख हस्तियों और दो दिग्गज खिलाड़ियों ने शुक्रवार को कोलकाता में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) द्वारा आयोजित लीडरशिप कॉन्क्लेव एलीशिप++ का आयोजन किया गया है। महान भारतीय हॉकी स्टार गुरबख्श सिंह, जिन्होंने 1964 में देश के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था, और गौतम सरकार, प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉलर, जिन्हें 'इंडियन बेकनबाउर' उपनाम दिया गया था, इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण थे। अन्य लोगों के बीच सत्यप्रकाश कृष्णा, जिन्हें पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के गुरु और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और सोआ पूर्व छात्र श्री के रूप में जाना जाता है। स्मृति रंजन महांति वर्तमान में मत्स्य पालन निदेशक और पश्चिम बंगाल सरकार के एसएफडीसी के प्रबंध निदेशक उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाविदों और कॉर्पोरेट जगत के बीच की खाई को पाटने के उद्देश्य से किया गया था। डॉ राज होता डीन ऑफ कॉरपोरेट रिलेशंस एंड प्लेसमेंट सोआ कार्यक्रम के संयोजक थे। डॉ पीके पात्र सोआ के डीन प्रायोजित अनुसंधान और उद्योग परामर्श और काजल पंडा उप निदेशक (कॉर्पोरेट संबंध) भी उपस्थित थे।

## पूर्व तट रेलवे जनभागीदारी और स्वच्छता अभियानों को बढ़ावा देता है



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए, पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया। लोक कल्याण और पर्यावरण स्वच्छता के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, यह पहल स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छता सेवा) विषय को संदर्भित करती है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर जनभागीदारी कार्यक्रम में भाग लिया, जहां वे लाभार्थियों और समुदाय/आम जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे। स्वच्छता अभियान में उनकी भागीदारी ने सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता और परिछनता बनाए रखने में सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में हिंदी पखवाड़ा का समापन



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्थित एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा 30 सितंबर, 2024 को संपन्न हुआ। पखवाड़े भर चलने वाले इस आयोजन में हस्तलेखन, अनुच्छेद लेखन, नारे और निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। कार्यक्रम का समापन एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) अनिमेष जैन द्वारा हिंदी पत्रिका जोहार के लोकार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सीएंडएम) नवीन जैन, महाप्रबंधक (इंफ्रा) एपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सीएंडएम) एस पांडेय और वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जैन ने राजभाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी पत्रिका प्रकाशित करने की पहल की सराहना की।

# भाजपा प्रत्याशी को लेकर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** धनवार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी को लेकर सोमवार को धनवार के कोलड़िहा में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की एक बैठक हरिहर पंडित की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोगों ने धनवार से सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के धनवार से चुनाव लड़ने की खबर पर अपनी-अपनी राय व्यक्त की। अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि न सिर्फ भाजपाइयों को, बल्कि धनवार विधानसभा की अधिकांश जनता को अधिक खुशी होगी यदि बाबूलाल मुख्यमंत्री बने और यहां से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह को विधायक बनने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान करें। लक्ष्मण सिंह ने पिछले दस वर्षों से धनवार विधान सभा क्षेत्र में सेवारत रह कर जनता का काम किया है। वे पिछले दस वर्षों से बरवाडीह बूथ नंबर 242 के स्थायी वोटर हैं और तब से ही एक सांसद-विधायक की तरह क्षेत्र की जनता का सेवा कर रहे हैं। हर सुख- दुख में साथ निभाते आ रहे हैं। बैठक का संचालन पूर्व मुखिया पंकज सिंह ने किया। बैठक में भाजपा नेता कपिलदेव सिंह, प्रदीप पासवान, दिनेश पासवान, कश्मीर सिंह, अवध सिंह, महेंद्र यादव, प्रकाश सिंह, प्रवेश सिंग, जमुना राम, कौशल कुमार, गौतम राय, मुकेश सिंह, उमेश सिंह, पवित्तर सिंह, अजय सिंह, विवेक सिंह, दिलीप राणा, अमर यादव, विकास दास, तुलसी दास, वीरेंद्र यादव, अमित नायक, दुलारचंद नायक, संतु साव, सागर कुमार आदि ने भाग लिया।

## संबलपुर मंडल में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में राजभाषा पखवाड़ा-2024 मनाया गया। राजभाषा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी भाषा का व्यापक प्रयोग करना है। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों के बीच निबंध, सारांश लेखन, श्रुत लेखन, वाक भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। राजभाषा पखवाड़ा-2024 के समापन समारोह के अवसर पर 30 सितंबर 2024 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर आनंद सिंह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दैनिक आधिकारिक कार्यों में हिंदी भाषा का अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 52 रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## ओड़िशा और झारखंड भले ही अलग राज्य, लेकिन दोनों एक जान : मोहन चरण माझी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जगरनाथपुर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओड़िशा और झारखंड दो अलग राज्य होते हुए भी एक जान के जैसे हैं। अखंड राज्य में कभी ये दोनों राज्य एक हुआ करते थे। माझी सोमवार को कोल्हान प्रमंडल के जगरनाथपुर में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने हेमंत सरकार पर भी जम कर निशाना साधा। माझी ने कहा कि पिछले चार वर्षों से झारखंड में कठपुतली की सरकार चल रही है। आशा है कि मां दुर्गा आने वाले चुनाव में इनका नाश अवश्य करेंगी। माझी ने किसानों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां खेतिहरों किसानों की न्यूनतम मासिक आय मात्र 4,400 रुपया है। यह देश में सबसे कम है। इसके लिए राज्य की हेमंत सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में आयो गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये दिये जायेंगे।

## ओड़िशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ने सोआ का दौरा किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुबाष चंद्र पारिजा ने सोमवार को शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सोआ) का दौरा किया। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक के निमंत्रण पर न्यायमूर्ति पारिजा विश्वविद्यालय आए और डॉ नायक के साथ चर्चा की। प्रो (डॉ) नायक ने पूर्व न्यायाधीश का स्वागत किया और सोआ द्वारा संचालित लॉ कॉलेज, सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (स्निल) के बारे में बात की। प्रोफेसर (डॉ) नायक ने उन्हें स्निल के पाठ्यक्रम, शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर न्यायमूर्ति पारिजा ने मार्गदर्शन दिया कि कैसे स्निल की शिक्षा प्रणाली और गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है और यह शैक्षणिक संस्थान विश्व स्तर पर अपना प्रतिनिधित्व कर सकता है।

## टीपीडब्ल्यूओडीएल ने सरकारी आइटीआइ में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला पश्चिमी ओड़िशा के युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) राउरकेला में 19 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल पश्चिमी ओड़िशा में टीपीडब्ल्यूओडीएल और सरकारी आइटीआइ के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को बिजली वितरण क्षेत्र में भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। इस कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण 23 तारिख से 34 विद्यार्थियों की गोष्ठी शुरू की गयी है, जो अगले 19 दिनों तक जारी रहेगी। ओड़िशा सरकार के 'स्किल्ड इन ओड़िशा' के हिस्से के रूप में, इस साझेदारी का उद्देश्य पाठ्यपुस्तक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के बीच अंतर को पाटना है। छात्रों को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जुड़े मॉड्यूल का उपयोग करके प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसमें छात्रों को टीपीडब्ल्यूओडीएल की अत्याधुनिक सुविधा का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को व्यावहारिक अनुभव के साथ सिद्धांत को संयोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## माउंट एल्ब्रस अभियान को प्रायोजित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** तालचेर स्थानीय प्रतिभा को बढ़ावा देने के अद्वितीय प्रयास में, एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने ओड़िशा की पर्वतारोही विभारानी पात्र के सफल माउंट एल्ब्रस (जो यूरोप और रूस की सबसे ऊंची चोटी है) अभियान को प्रायोजित किया है। यह प्रायोजन एनटीपीसी तालचेर थर्मल की सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत आता है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। तालचेर के पास मेरामुंडली से आने वाली विभारानी एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, जिन्होंने पहले लद्दाख के माउंट स्टोक कांगड़ी और अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो को सफलतापूर्वक फतह किया है। माउंट एल्ब्रस, जो रूसी कॉकसस पर्वतमाला में स्थित है, पर चढ़ाई उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण अभियान था। एनटिपिसी तालचेर थर्मल के निरंतर सहयोग से, उनका यह प्रयास ओड़िशा को वैश्विक पर्वतारोहण के मानचित्र पर एक नयी पहचान देता है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, विजय चंद हेड ऑफ प्रोजेक्ट और सीजीएम, एनटीपीसी तालचेर थर्मल, ने कहा, हमें विभारानी की इस उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है।

## वेदांता लांजीगढ़ ने अब तक 4 लाख से अधिक भोजन का योगदान दिया है

आजाद सिपाही संवाददाता



**लांजीगढ़।** भारत के प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्युमिना उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की इकाई वेदांता लांजीगढ़ ने वेदांता समूह के ह्यरन फॉर जीरो हंगर अभियान के तहत वंचित बच्चों के लिए 4 लाख से अधिक भोजन का योगदान दिया है, जो देश से कुपोषण को मिटाने की दिशा में कंपनी के प्रयासों का एक हिस्सा है। यह अभियान 20 अक्टूबर 2024 को प्रतिष्ठित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण के साथ समाप्त होगा। इस वर्ष के संस्करण का उद्देश्य वेदांता के कर्मचारियों, स्थानीय और खेल प्रेमियों को एक साथ लाकर देश भर में एक करोड़ भोजन का योगदान देना है। प्रत्येक प्रतिभागी एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपने चलने या दौड़ने के किलोमीटर को ट्रैक करके इस अभियान में योगदान देता है। हर किलोमीटर एक भोजन के बराबर होता है।

## जिलापाल कार्यालय में आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खुर्दा जिलापाल कार्यालय में लगी आग। एक इन्वर्टर में विस्फोट के बाद खोरधा जिलापाल के कार्यालय में आग लग गयी। यह घटना कथित तौर पर शिकायत सुनवाई कक्ष में हुई थी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन कुछ कंप्यूटर, यूपीएस और जरूरी कागजात जलकर राख हो गये। खुर्दा फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटी हुई है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**